''राष्ट्रीय हिंदी दैनिक अखबार''

# समाचार गेट

TITLE CODE : HARHIN11569

वर्ष 01, अंक 281 पृष्ठ 08 मूल्य 01 रूपए वीरवार, 26 दिसंबर 2024 samachargate@gmail.com

**जरूरी सूचना**

सुधी पाठकों को सूचित किया जाता है कि समाचार गेट के नाम पर अगर कोई पत्रकार आपसे पैसे की मांग करता है तो कृपया 9212339503 पर संपर्क करें। समाचार गेट में कार्य कर रहे पत्रकार सिर्फ वही हैं जिनके नाम से खबर छपती हैं।

## सुशासन का अर्थ है सरकार में कोई जाति सम्प्रदाय का भेदभाव न हो : कृष्णपाल गुर्जर



**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** देश में नागरिकों को घर बैठे पारदर्शिता के साथ समय रहते सभी सुविधाएं मिल रही है और लोगों को सरकार की योजनाओं का सीधा लाभ मिल रहा है, यही सुशासन है। यह बात केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने कही। वे बुधवार को सेक्टर-12 स्थित लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित जिला स्तरीय सुशासन दिवस समारोह बतौर मुख्य अतिथि शिरकत कर वहां उपस्थित लोगों को संबोधित कर रहे थे। केंद्रीय राज्य मंत्री ने भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। जिला प्रशासन की ओर से जिला ग्रामीण विकास अभिकरण के सीईओ सतबीर मान ने मुख्यातिथि केंद्रीय राज्य मंत्री सहित भाजपा जिलाध्यक्ष राजकुमार वोहरा व चेयरमैन जिला परिषद विजय सिंह व अन्य विशिष्ट अतिथिगण का स्वागत व अभिनंदन किया। केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा कि आज दो महान विभूतियों महामना पंडित मदन मोहन मालवीय जी व भूतपूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी की जयंती को पूरे प्रदेश में सुशासन दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। 23 दिसंबर 2014 को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इन दोनों महान विभूतियों को भारत रत्न से अलंकृत किया था। इसी दिन यह तय किया गया था कि हर वर्ष 25 दिसंबर को दोनों महान विभूतियों के जन्मदिन को सुशासन दिवस के रूप में मनाया जाएगा।

**यह हुए सम्मानित**

जिला स्तरीय सुशासन दिवस समारोह में निगम के अतिरिक्त आयुक्त स्वर्पनिल रविंद्र पाटिल, सीईओ जिला परिषद सतबीर मान, अतिरिक्त सीईओ एफएमडीए गौरी मिड्ढा, एसडीएम फरीदाबाद शिखा, एसडीएम बड़खल अमित मान, एसडीएम बल्लभगढ़ मयंक भारद्वाज, सीटीएम अंकित कुमार, निगम के एडिशनल कमिश्नर गौरव अंतिल, एमसीएफ के संयुक्त आयुक्त गजेंद्र सिंह, नगर निगम ग्रेटर की संयुक्त आयुक्त द्विजा, आरटीए सचिव मुनीश सहगल, डिप्टी सीईओ जिला परिषद परमेन्दर सिंह, डीडीपीओ प्रदीप कुमार, डीआईओ विपिन गोयल, नायब तहसीलदार धौज प्रतीक, जीएम डीआईसी सचिन, अकाउंट अधिकारी जिला परिषद विपिन कुमार को प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इसी प्रकार द्वितीय पुरस्कार के लिए एफसीपी भूदेव सिंह, डीईओ डीसी ऑफिस प्रवीण, असिस्टेंट डीसी ऑफिस मुकेश कुमार, रीडर डीसी ऑफिस राजेश कुमार, क्लर्क डीसी ऑफिस भूपेंद्र कुमार वर्मा, जेबीटी आनंद कुमार, इलेक्शन ऑफिस बड़खल से कृष्ण चंद राय, इलेक्शन ऑफिस से हरमीत, इलेक्शन ऑफिस पृथला नितिन, इलेक्शन ऑफिस से तिलकराज, डीईओ इलेक्शन ऑफिस पवन पाहवा, क्लर्क इलेक्शन ऑफिस रोहित, इलेक्शन ऑफिस तिगांव से रवि सिंह, सीटीएम ऑफिस से अमित कुमार, एनआईसी से तरुण कुमार, एसडीएम ऑफिस बड़खल से तरुण सैनी, एनआईसी से मनवीर सिंह, आरटीए से प्रवीण को सम्मान दिया गया। वहीं तृतीय पुरस्कार से डीपीएम स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण से उपेंद्र सिंह, डीईओ स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण संजीव नागर, एमसी प्रेमचंद, एमसी क्लर्क जय, एमसी डीईओ पुरषोत्तम, एमसी स्टेनो सुनील, एफएमडीए आईटी से नीरज एयर आशीष, एसडीएम ऑफिस फरीदाबाद से अंजना, एडीसी ऑफिस से इमरान खान और एडीसी ऑफिस से एपीओ जय सिंह को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डीसीपी हेडक्वार्टर अभिषेक जोरवाल सहित अन्य विभागाध्यक्ष मौजूद रहे।

## कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने मनाया अटल बिहारी वाजपेयी जी का जन्म शताब्दी समारोह



**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** पूर्व प्रधानमंत्री और भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी जी की जन्म शताब्दी के अवसर पर, कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने बाल भवन, रेवाड़ी में आयोजित सुशासन दिवस कार्यक्रम में शिरकत की। इस अवसर पर उन्होंने अटल जी के सुशासन के सिद्धांतों और उनकी दूरदर्शी नीतियों पर प्रकाश डाला।

**सुशासन दिवस पर विपुल गोयल का संदेश:**

अपने भाषण में उन्होंने कहा कि यह 25 दिसंबर हम सबके लिए वास्तव में बड़ा दिन है, क्योंकि आज का दिन अटल बिहारी वाजपेयी जी की जन्म शताब्दी का दिन है। राजनीति के अजातशत्रु अटल जी ने अपने कुशल नेतृत्व से सुशासन को सरकार का मुख्य आधार बनाया। उन्होंने अटल जी की नीतियों की प्रमुख उपलब्धियों का उल्लेख किया, जिनमें प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, गोल्डन क्वाड्रिलैटरल प्रोजेक्ट, और सर्व शिक्षा अभियान जैसी योजनाएँ शामिल हैं। विपुल गोयल ने कहा कि अटल जी ने सुशासन को सिर्फ चर्चा का विषय नहीं रहने दिया, बल्कि इसे जमीनी स्तर पर लागू किया।


**अटल जी की विरासत को आगे बढ़ा रहे हैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी:**

कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सुशासन के दृष्टिकोण को रेखांकित करते हुए कहा कि मोदी जी ने जन-धन योजना, आधार और मोबाइल तकनीक के माध्यम से सरकार और जनता के बीच की दूरी को खत्म कर दिया। आज सरकारी योजनाओं का लाभ सीधे DBT के माध्यम से लाभार्थियों तक पहुँच रहा है। उन्होंने प्रधानमंत्री की जनहितकारी नीतियों जैसे आयुष्मान भारत योजना, किसान सम्मान निधि योजना, और मुफ्त राशन वितरण को अटल जी की सुशासन की सोच का विस्तार बताया। इस अवसर उन्होंने अटल बिहारी वाजपेई जी कुछ पंक्तियां भी श्रद्धांजलि के रूप में अर्पित की।

**सागर सिनेमा कार्यालय में मंथन सभा का आयोजन:**

अटल बिहारी वाजपेयी जी की जन्म शताब्दी के उपलक्ष्य में सागर सिनेमा स्थित कार्यालय में मंथन सभा का आयोजन भी किया गया। इस सभा का आयोजन विपुल गोयल द्वारा किया गया, लेकिन व्यस्तताओं के चलते वह उपस्थित नहीं हो सके। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री और भाजपा नेत्री श्रीमती सीमा त्रिखा ने अटल जी के विचारों और उनकी नीतियों पर विचार-विमर्श किया।

## सहकारिता आम आदमी द्वारा आम आदमी के लिए किया गया कार्यः हुकम सिंह भाटी



**समाचार गेट/ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** केन्द्र सरकार के सहकार से समृद्धि की ओर कार्यक्रम के तहत आज सैक्टर-12 स्थित दी फरीदाबाद सैन्ट्रल को-आपेरिटव बैंक पर एक राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हरको बैंक के चेयरमैन हुकम सिंह भाटी बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित थे। कार्यक्रम में पहुंचने पर दी फरीदाबाद सैन्ट्रल को-आपेरिटव बैंक के महाप्रबंधक प्रशांत यादव द्वारा पुष्प गुच्छ भेंट कर श्री भाटी का स्वागत किया गया। कार्यक्रम में एएम सुखबीर नागर, राजेन्द्र शर्मा, डीओ प्रदीप कुमार, एनएफएफ हैड अशोक कुमार, एनएफएफ प्रबंधक घनश्याम सिंह के अलावा विभिन्न पैक्स के सैकड़ों प्रबंधक व कर्मचारी मौजूद थे। कार्यक्रम के दौरान केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के कार्यक्रम की स्क्रीनिंग भी की गई।

कार्यक्रम में मौजूद पैक्स प्रबंधकों व कर्मचारियों को सम्बोधित करते हुए चेयरमैन श्री भाटी ने कहा कि केन्द्र की मोदी सरकार द्वारा सहकारिता को बढ़ाने के लिए हर स्तर पर कार्य किए जा रहे है। सही मायने में देखा जाए तो सहकारिता आम आदमी द्वारा आम आदमी के लिए किया गया कार्य है। उन्होंने बताया कि केन्द्रीय सहकारित मंत्री अमित शाह के प्रयासों से देशभर में दो लाख नए बहुआयामी पैक्स अगले पांच सालों में खोले जाएगें तथा आज श्री शाह ने दस हजार नए पैक्स खोलकर इसका शुभारंभ भी कर दिया है। इन पैक्सों के खुल जाने के बाद देश के 15 हजार गांवों में किसानों के अलावा आम शहरी का भी पैक्स से जुड़ाव हो जाएगा तथा अपनी वह हर जरूरत को आसानी से पैक्स पर जाकर पूरी कर सकेगें तथा जहां तक बात की जाए हरियाणा की तो हरियाणा सहकारिता की केन्द्र बिन्दु में रहा है तथा हरियाणा में ढाई हजार नए पैक्स खोले जाएगें जिनसे खाद, बीज वितरण के अलावा मत्सय पालन, डेरी फार्मिंग, मेडिकल स्टोर, पैट्रोल पम्प के अलावा अन्य कई व्यवसायिक गतिविधियां भी संचालित की जाएगी।

## अपने नाम को सार्थक किया दीपक यादव ने हाई मास्क लाइट से करेंगे उजाला



**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** कहावत है कि जैसा नाम वैसा काम और अपने नाम के मुताबिक कार्य कर पाना इतना भी आसान नहीं है, लेकिन इरादे अगर नेक हों तो फिर चाहे कितनी भी मुश्किल क्यों ना आए।

बस इसी का जीता जागता उदाहरण हैं दीपक यादव जी हां हम बात कर रहें हैं। निवर्तमान पार्षद दीपक यादव की जिन्होंने सौर ऊर्जा से संचालित हाई मास्क लाइट राधा कृष्ण पार्क सेक्टर-2 व अहीर वारा, वाल्मीकि बस्ती, राव कालोनी के चोराहे पर स्थापित करायी। यह लाइट बिना किसी बिजली के इस्तेमाल किये चलेगी। जिसके लिए स्थानीय नागरिकों ने दीपक यादव की जमकर तारीफ की। खैर ! दीपक का तो काम ही है रोशनी करना।

### प्रत्येक व्यक्ति के लिए आवश्यक टोल फ्री नम्बरों की सूची

| | |
|---|---|
| सीएम शिकायत पोर्टल | 181 |
| विद्युत सेवा | 1912 |
| पशु सेवा | 1962 |
| पुलिस सेवा | 112, 100 |
| अग्नि सेवा | 101 |
| एमबुलैस सेवा | 102 |
| यातायात पुलिस | 103 |
| आपदा प्रबंधन | 108 |
| चाइल्ड लाइन | 1098 |
| रेलवे पूछताछ | 139 |
| भ्रष्टाचार विरोधी | 1031 |
| रेल दुर्घटना | 1072 |
| सड़क दुर्घटना | 1073 |
| सी एम सहायता लाइन | 1076 |
| क्राइम सटायर | 1090 |
| महिला सहायता लाइन | 1091 |
| पृथ्वी भूकम्प | 1092 |
| बाल शोषण सहायता | 1098 |
| किसान काल सेन्टर | 1551 |
| नागरिक काल सेन्टर | 155300 |
| ब्लड बैंक | 9480044444 |

## देश में प्रतिवर्ष केवल तम्बाकू के सेवन से 19 लाख मरते हैं लोगः अशोक कुमार वर्मा



**समाचार गेट/जितेंद्र सिंह**

**नूंह।** हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो प्रमुख/ पुलिस महानिदेशक श्री ओपी सिंह,भापुसे साहब के दिशानिर्देशों एवं पुलिस अधीक्षक श्रीमती पंखुरी कुमार के मार्गदर्शन में नशे के विरुद्ध प्रतिदिन अभियान चलाकर युवाओं को जागरूक किया जा रहा है। ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/ उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा प्रतिदिन साइकिल के साधन का प्रयोग करते हुए हरियाणा के अलग अलग शहरों में जाकर युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए प्ररित कर रहे हैं। इस कड़ी में वे आज मधुबन से तावडू पहुंचे और साइकिल यात्रा के माध्यम से भी युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। वे स्वामी विवेकानद पब्लिक स्कूल पहुंचे और प्राचार्य विनोद कुमार की अध्यक्षता में नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम किया। ये नूंह में 20 वां जागरूकता कार्यक्रम था जिसमें 500 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया। ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/ उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने विद्यार्थियों को बताया कि भारत सरकार द्वारा भारत को नशा मुक्त करने के लिए नारकोटिक्स ड्रग्स एंड साइकोट्रॉपिक सब्सटांस एक्ट 1985 बनाया गया है जो भारत में रहने वाले सभी व्यक्तियों पर लागू हैं। इस अधिनियम के अनुसार प्रतिबंधित नशे रखना, सेवन करना, क्रय विक्रय करना, खेती करना, निर्माण करना और ऐसे कार्यों में सहायता करना दंडनीय अपराध हैं। उन्होंने बताया कि यदि प्रतिबंधित नशे मनुष्य के लिए तनिक भी अच्छे होते तो सरकार इसके लिए लाइसेंस देकर बिक्री के लिए खुला कर देती लेकिन नहीं किया क्योंकि ये नशे मनुष्य के स्वास्थ्य के लिए बहुत अधिक भयंकर हैं। ये नशे मनुष्य के तन मन और धन का हरण करने के साथ साथ राष्ट्र के विकास में बाधा उत्पन्न करते हैं। मनुष्य का जीवन नर्क से भी बुरा हो जाता है। दूसरी और चेतावनी वाले नशे हैं जिनमें तम्बाकू उत्पाद और शराब हैं लेकिन ये भी बहुत ही पीड़ादायक हैं। केवल और केवल तम्बाकू के कारण पूरे संसार में औसतन 80 लाख लोगों की मृत्यु हो रही है। भारत में ये आंकड़े 19 लाख प्रतिवर्ष हैं। कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण पर भी चर्चा करते हुए बताया कि प्रदूषण मुक्त देश के लिए पर्यावरण संरक्षण करना सबका दायित्व है। इसके लिए साइकिल का प्रयोग और अधिक से अधिक पौधे रोपित कर हम पर्यावरण संरक्षण सहयोग कर सकते हैं। उन्होंने आधुनिक समय में साइबर अपराध पर बोलते हुए कहा कि कोई भी व्यक्ति अपनी निजी जानकारी किसी व्यक्ति के साथ साझा न करें। केवल सावधानी ही साइबर अपराध से बचा सकती है। कार्यक्रम के अंत में शपथ ग्रहण करवाई और बताया कि ब्यूरो के हेल्पलाइन नंबर 9050891508 पर गुप्त रूप से सूचना देकर नशा मुक्त भारत अभियान में सहयोग करें।

## कुंड मनेठी स्थित राठ इंटरनेशनल स्कूल में टैलेंट सर्च एग्जाम्स का आयोजन किया गया

**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** सत्यवीर धनकड फरीदाबाद ने जानकारी देते हुए बताया कि इस परीक्षा में कक्षा तीसरी से लेकर दसवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। परीक्षा का मुख्य उद्देश्य बच्चों की बौद्धिक क्षमता का आंकलन एवं होशियार और आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों को लाभ पहुंचाना है। शिक्षा ही एक ऐसा माध्यम है जो हमें सफलता की ओर अग्रसर करता है। इस परीक्षा में राठ ग्रुप ऑफ़ स्कूल्स से कुल 10377 विद्यार्थिओं ने भाग लिया ।जिसमें बहरोड़ ब्राँच से 3310, कुण्ड ब्राँच से 2721, अलवर ब्राँच से 2433 और भिवाड़ी ब्राँच से 1913 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। परीक्षा देने आए छात्रों में बहुत उत्साह देखा गया। स्कूल अध्यापक प्रवीण सुहाग ने बताया की क्लास तीसरी से लेकर दसवीं में पढ़ रहे छात्रों के लिए यह परीक्षा अपने टैलेंट को पहचान दिलाने की दिशा में पहला कदम है। ऑफलाइन फॉर्मेट में 22 दिसंबर को राठ ग्रुप ऑफ़ स्कूल्स की चार शाखाओं (अलवर, बहरोड़, कुण्ड और भिवाड़ी)में इस राष्ट्रीय स्तर की लेवल 1 की परीक्षा का आयोजन हुआ। इस परीक्षा का परिणाम 27 दिसम्बर को शाम 5 बजे तक घोषित किया जाएगा। जो छात्र इस एग्जाम में सफल होंगे उन्हें लेवल 2 की परीक्षा में भाग लेना होगा जिसका आयोजन राठ ग्रुप ऑफ़ स्कूल्स में 5 जनवरी को किया जाएगा। लेवल 2 की परीक्षा में रैंक लाने वाले छात्रों को लाखों रुपए तक के नगद पुरस्कार प्राप्त करने का मौका मिलेगा। राठ टैलेंट सर्च एग्जाम के सफल आयोजन पर कुशल मंच संचालन



स्कूल अध्यापक प्रवीण सुहाग व पूनम द्वारा किया गया। इस दौरान स्कूल के अध्यापक राजेश ठाकुर, मनोज, सीमा, मोनिका, संदीप, प्रदीप, महेश ने अभिभावकों को आईआईटी , नीट, एनडीए, क्लैट, सी ए फाउंडेशन आदि कोर्सेज के करियर में बच्चों को आगे बढाने के लिए मार्गदर्शन दिया। इस अवसर पर स्कूल के वाइस प्रिंसिपल योगेश चंद तिवारी ने बताया कि आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों को छात्रवृतति परीक्षा के जरिए अच्छी शिक्षा एवं जीवन में अच्छा पढ़ा-लिखा कर आगे बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित करना है। इस परीक्षा के सफल आयोजन पर स्कूल के चेयरमैन बलवान सिंह यादव ने सभी अध्यापकगणों एवं अभिभावकों का धन्यवाद किया और बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा की राठ स्कूल समय समय पर ऐसी परीक्षाओं का आयोजन कराता रहता है।

इस अवसर पर स्कूल प्रिंसिपल मंजू यादव ने बताया की यह एग्जाम छात्रों को उनकी क्षमता का आकलन करने में मदद करता है। समाज की हर संस्था कुछ सिद्धांतों पर आधारित होती है, हमारा राठ स्कूल भी इसी तरह है ।हमारा मानना है कि प्रत्येक व्यक्ति असाधारण क्षमता के साथ जन्म लेता है। यही कारण है कि हमारे अनुभवी शिक्षको, संसाधनों और सीखने की रणनीतियां ऐसा माहौल बनाने में लगे हुए हैं, जिसमें प्रत्येक छात्र को अपनी क्षमता को प्रतिभा में बदलने का अवसर मिल सके ।करियर के सभी क्षेत्रों विज्ञान, प्रौद्योगिकी, मैनेजमेंट, रिसर्च, सिविल सर्विस, खेल, संगीत, कला, इत्यादि में प्रतिस्पर्धा का एक स्वस्थ एवं संतुलित वातावरण बनाए रखने के लिए राठ स्कूल बच्चों को गुणवतापूर्ण शिक्षा की सेवाएं देने के लिए ऐसे अवसर प्रदान कर रहा है। चुनौतियों को समझते हुए हमने सीखने की रणनीतियां इस तरह से तैयार की हैं कि बच्चे प्राइमरी कक्षा स्तर पर इंटरनेशनल ओलमपियाड के जरिए और सेकन्डरी कक्षा स्तर पर आईआईटी-जेईई, नीट, एनडीए, सीए-सीपीटी, मैनेजमेंट इत्यादि के लिए फाउंडेशन कोर्सेज के जरिए स्कूल के बाद के प्रतियोगिताओं का आसानी से सामना करने के लिए तैयार हो सके। इस अवसर पर राठ ग्रुप ऑफ़ स्कूल्स के सेक्रेटरी नीतेश यादव, डायरेक्टर शिवानी यादव, ऐकडेमिक डायरेक्टर रवीन्द्र तँवर, कॉर्डिनेटर आशा यादव, निशा यादव, ज्योति यादव, रिंकू यादव व समस्त स्कूल स्टाफ ने परीक्षा देने आये सभी छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की। इस परीक्षा के सफल आयोजन में स्कूल की अनुशासन समिति के सदस्यों खेल प्रमुख पवन बड़ेसरा, योगेश, अखिल, अरुण, राहुल, आशु, जोगेंद्र व स्कूल के सभी अध्यापकों का उच्चस्तरीय योगदान रहा।

## जनता को सरल तरीके से दिया जा रहा सरकार की ई-गवर्नेंस सेवाओं का लाभ : राव नरबीर



**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** हरियाणा के उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार की ओर से जनकल्याणकारी योजनाओं व सेवाओं का ज्यादा से ज्यादा लोगों को ऑनलाइन तरीके से लाभ दिया जा रहा है, जिससे काफी बड़े स्तर पर प्रदेश में भ्रष्टाचार पर भी लगाम लगी है। सरकार का प्रयास है कि ई-गवर्नेंस के माध्यम से लोगों को जल्द व सरल तरीके से सरकार की योजनाओं को लाभ दिया जाए। राव नरबीर सिंह बुधवार को जिला स्तरीय सुशासन दिवस समारोह में मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित अधिकारियों व कर्मचारियों को संबोधित कर रहे थे। इससे पहले उन्होंने भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। मंत्री ने अपने संबोधन में सभी को सुशासन दिवस की बधाई देते हुए कहा कि आज पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी व मदन मोहन मालवीय का जन्म दिवस है, जिसे सरकार ने वर्ष 2014 में सुशासन दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया था। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में अटल जी की सुशासन की परिकल्पना को सही मायने में चरितार्थ किया जा रहा है। बड़े विभागों में कर्मचारियों की आनलाइन ट्रांसफर नीति सुशासन व्यवस्था का बेहतर उदाहरण है।

# पुरुषों में अवसाद के खतरनाक संकेत

**अवसाद, चिंता और तनाव की अंतिम सीढ़ी है। दुनिया भर में लाखों लोग इस परेशानी का सामना कर रहे हैं। एक अनुमान के अनुसार अकेले अमेरिका में हर वर्ष 50 लाख लोग अवसादग्रस्त होते हैं। यह एक मानसिक रोग है, जो हमारी शारीरिक और मानसिक गतिविधि पर असर डालता है।**



### थकान

अवसादग्रस्त व्यक्ति गंभीर मानसिक और शारीरिक बदलावों से गुजरता है। वह हमेशा थका-थका सा महसूस करता है। उसकी शारीरिक गतिविधियां भी सीमित हो जाती हैं। उसके बोलने और वैचारिक प्रक्रिया की रफ्तार पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। अवसाद के दौरान महिलाओं की अपेक्षा पुरुषों में थकान अधिक होती है। यह अवसाद के सभी लक्षणों में सबसे सामान्य होता है।

### नींद पर असर

अवसाद से लोगों की नींद पर विपरीत असर पड़ता है। वे या तो बहुत कम या बहुत अधिक सोने लगते हैं। कुछ लोग 12 घंटे तक सोने के बाद भी थकान महसूस करते हैं, तो वहीं कुछ रात में थोड़ी-थोड़ी देर बाद जागते रहते हैं। थकान की ही तरह नींद की समस्या भी अवसादग्रस्त पुरुषों में सामान्य लक्षण है।

### सिर और कमर दर्द

कब्ज या डायरिया, सिरदर्द और कमर दर्द जैसे स्वास्थ्य लक्षण, अवसादग्रस्त लोगों में सामान्य हैं, लेकिन, अक्सर पुरुष इस बात को नहीं समझते कि तेज दर्द और पाचन क्रिया में अनियमितता का संबंध अवसाद से भी हो सकता है। डॉक्टर बताते हैं कि अवसादग्रस्त लोगों को स्वास्थ्य समस्याएं लगी रहती हैं।

### चिढ़चिढ़ापन

अवसादग्रस्त पुरुषों का स्वभाव चिड़चिड़ा हो जाता है। वे भावनात्मक बातें कर रहे हों, तो दुख और चिड़चिड़ेपन का मेल सामने आ सकता है। पुरुषों में चिड़चिड़ेपन से उनके मस्तिष्क में निरंतर नकारात्मक विचार आते हैं।

### एकाग्रता में कमी

साइकोमीटर रेडिएशन से पुरुषों में सूचना प्रक्रिया करने की क्षमता कम हो जाती है, इससे व्यक्ति को काम पर ध्यान केंद्रित करने में कठिनाई होती है। अवसाद से व्यक्ति नकारात्मक विचारों से भर जाता है। उसके लिए किसी भी अन्य काम पर ध्यान केंद्रित करना मुश्किल हो जाता है। जब आप अवसाद में होते हैं, तो मस्तिष्क सही प्रकार से काम नहीं कर पाता।

### बेवजह गुस्सा

कई लोग अवसाद की वजह से शत्रुतापूर्ण रवैया अपनाने लगते हैं। उन्हें बेवजह गुस्सा आता है और उनका स्वभाव भी आक्रामक हो जाता है। कोई ऐसा व्यक्ति जिसे इस बात का अहसास हो कि कुछ गलत है तो वह क्रोध दिखाकर स्वयं को मजबूत और सक्षम साबित करने का प्रयास करता है। गुस्सा और शत्रुतापूर्ण रवैया चिड़चिड़ेपन से अलग होता है। गुस्से में व्यक्ति स्वयं को अधिक प्रभावी दिखाने का प्रयास करता है। ऐसे में व्यक्ति को परिवार और दोस्तों से खास मदद की जरूरत होती है।

### तनाव

तनाव पुरुषों में अवसाद का एक लक्षण हो सकता है। हालांकि तनाव हर बार अवसाद का कारण बने, ऐसा नहीं होता। कई बार तनाव किसी अन्य कारण से भी हो सकता है और वह कारण दूर होते ही व्यक्ति सामान्य हो जाता है। शोध यह साबित कर चुके हैं कि लंबे समय तक बने रहने वाला तनाव मानसिक और शारीरिक रूप से बदलाव ला सकता है, जो आगे चलकर तनाव का कारण बन सकता है।

### घबराहट

घबराहट यानी एंजाइटी डिस्ऑर्डर और अवसाद में सीधा संबंध होता है। हालांकि, पुरुषों में महिलाओं के मुकाबले घबराहट कम होती है। हालांकि पुरुषों के मुकाबले महिलाओं में यह समस्या दोगुनी होती है, लेकिन पुरुषों के लिए घबराहट अथवा चिंता की बात करना अपेक्षाकृत अधिक आसान होता है। पुरुष अपने परिवार और काम को लेकर होने वाली चिंताओं को लेकर अधिक खुलकर चर्चा कर सकते हैं।

### शारीरिक निष्क्रियता

शारीरिक निष्क्रियता का एक बड़ा कारण अवसाद होता है। अवसाद के कारण स्तंभन दोष (संभोग के दौरान लिंग का उत्तेजित नहीं हो पाना) होना सामान्य है और अधिकतर पुरुष इस बारे में बात करने से डरते हैं। वे स्वयं को कोसने लगते हैं, जिस कारण उनके अवसाद का स्तर बढ़ता चला जाता है। हालांकि यह रोग कई अन्य चिकित्सीय कारणों से भी हो सकता है। अकेला स्तंभन दोष अवसाद का कारण नहीं है।

### अनिर्णय

अगर आपको लगातार निर्णय लेने में कठिनाई आ रही है तो यह अवसाद का संकेत हो सकता है। कुछ लोगों को नैसर्गिक रूप से दुविधा में रहते हैं। उन्हें फैसले लेने में परेशानी आ सकती है। अगर आपके साथ पहले से यह परेशानी है, तो आपको अधिक घबराने की जरूरत नहीं, लेकिन, आपके स्वभाव में यह आदत नई शामिल हुई है, तो आपको सोचने की जरूरत है। जानकार मानते हैं कि अवसाद आपके क्षमता लेने की प्रक्रिया को धीमा कर देता है।

### आत्महत्या के विचार

महिलाओं में आत्महत्या की प्रवृत्ति अधिक देखी जाती है, लेकिन पुरुष अगर आत्महत्या का प्रयास करें, तो उनकी मौत होने की आशंका महिलाओं की अपेक्षा चार गुना होती है। इसकी एक वजह यह भी है कि पुरुष आत्महत्या के लिए अधिक खतरनाक तरीके चुनते हैं। बुजुर्गों में आत्महत्या की प्रवृत्ति अधिक देखी जाती है। कई बार डॉक्टर भी इस आयु वर्ग के लोगों में अवसाद के लक्षणों को सही से पहचान नहीं पाते। अधिक उम्र के पुरुषों और महिलाओं दोनों में अवसाद के लक्षण पाए जाते हैं।

## रेसिपी



### मसाला ब्रेड

**सामग्री**

- 4 ब्रेड पीस
- बटर: 2 टेबलस्पून
- जीरा: 1/2 टीस्पून
- सूखी लाल मिर्च: 2 टेबलस्पून
- लहसुन पेस्ट: 1 टीस्पून
- 2 प्याज
- 1 शिमला मिर्च
- 2 टमाटर
- 1/2 टीस्पून लाल मिर्च पाउडर
- नूडल्स मसाला: 1 टेबलस्पून
- बारीक धनिया: 1/2 कप
- नींबू का रस: 1/2 टीस्पून
- नमक: स्वाद के अनुसार

**विधि**

मसाला ब्रेड बनाने के लिए सबसे पहले प्याज, टमाटर, शिमला मिर्च को बारीक-बारीक काट लें। अब मध्यम आंच पर पैन में बटर गर्म कर लें। इसमें प्याज डालकर फ्राई कर लें। प्याज को हल्का ही भूनें। अब सूखी लाल मिर्च-लहसुन पेस्ट डालकर 1 मिनट तक पका लें। इसमें शिमला मिर्च डालकर नरम होने तक अच्छे से पका लें। इसमें टमाटर, नूडल्स मसाला, लाल मिर्च पाउडर और नमक डालकर मिक्स कर लें और 1 से 2 मिनट तक मध्यम आंच पर पका लें। अब ब्रेड के छोटे-छोटे टुकड़े कर के मसाले में डालकर अच्छी तरह से मिक्स कर लें। अब ऊपर से नींबू का रस डालकर मिक्स कर लें। तैयार है मसाला ब्रेड। इसे गर्मागर्म सर्व करें।



### चीज के पारे

**सामग्री**

- चीज (कद्दूकस किया हुआ): 1 कप
- मैदा: 1 कप
- मक्खन: 2 टीस्पून
- शक्कर: 1/4 टीस्पून
- काली मिर्च पाउडर: 1/2 टीस्पून
- बेकिंग सोडा: 1/4 टीस्पून
- दूध: जरूरत के अनुसार
- नमक: स्वाद के अनुसार
- तेल: तलने के लिए

**विधि**

चीज के पारे बनाने के लिए सबसे पहले एक बर्तन लें। अब इसमें मैदा और चीज डालकर मिला लें। अब मक्खन, नमक, चीनी, बेकिंग सोडा और काली मिर्च पाउडर डालकर मिला लें। अब दूध को डालते हुए हल्का सख्त आटा गूंथ लें और 30 मिनट के लिए अलग रख दें। अब आटे की बड़े-बड़े आकार में लोई बना लें। अब एक लोई को रोटी से बड़ा बेल लें। चाकू या कटर की मदद से रोटी को चौकोर आकार में काट लें। एक कड़ाही में तेल गर्म करने के लिए रखें। अब कटे हुए चीज पारे को हल्का गोल्डन होने तक तल लें। तैयार हैं चीज पारे। इन्हें चाय के साथ सर्व करें।

# टाईम पास

## आज का राशिफल

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): अध्ययन-अध्यापन में समय गुजरेगा। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। शुभांक-2-5-7

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): महत्त्वपूर्ण निर्णय के लिए दूरदर्शिता से काम लें। रूकावटें आएंगी। कोष में कमी व व्यय की अधिकता से परेशान होंगे। किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। जल्दबाजी में कोई भूल संभव है। कार्य भार बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। समय व्ययकारी सिद्ध होगा। शुभांक-2-6-8

**मिथुन** (का की कू घ ड छ के को हा): परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। खान-पान में सावधानी रखें। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। अच्छे समय इन्तजार करें। कर्म प्रधान विचार धारा बनाये रखें। शुभांक-1-4-6

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): सामाजिक मान-सम्मान बढ़ेगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सबेरे ही निपटा लें। रुपए पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। राजकीय कार्यों से लाभ। शुभांक-2-4-6

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे है। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। साक्षात्कार के लिए दिन शुभ रहेगा। शुभांक-4-6-8

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): कुछ पिछले संकट अब सिर उठा सकते हैं। अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। अभिष्ट कार्य सिद्ध होंगे। निकटजनों के लिए अर्थव्यवस्था हेतु जोड़-तोड़ करना पड़ेगा। बुरी संगति से बचें। सुविधाओं में शनैः-शनैः बाधा आएगी। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है। शुभांक-5-7-8

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): पूर्व में किये कार्यों से लाभ मिलेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। शांतिपूर्वक कार्य करें। धार्मिक यात्रा का योग हैं। शुभांक-5-7-9

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): दाम्पत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने में सफल होंगे। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति ठीक रहेगी। शुभांक-2-5-7


**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। शुभांक-4-5-6

**मकर** (भे जा जी खी खू खे खो गा गी): मनोरथ सिद्ध होंगे, पूरे मनोयोग से काम में लगे रहें। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। कारोबारी काम में बाधा बनी रहेगी। शुभांक-4-7-9

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): स्वास्थ्य में ताजगी बनी रहने से नई ऊर्जा का संचार होगा। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। शुभांक-3-5-9


**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): सुनियोजित तरीके से कार्य आरम्भ करें, सफल होंगे। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। शुभांक-3-6-8

## काकुरो पहेली - 3392




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

**उदाहरणतः**



1+2 = 3
1+3 = 4
7+9 = 16
8+9 = 17

**काकुरो -3391 का हल**



## लॉफिंग जौक्स

दो मित्र आपस में बात कर रहे थे। एक मित्र ने कहा- 'यार, जब मैं सूट पहनकर सब्जी लेने जाता हूँ तो दुकानदार मुझे महँगी सब्जी देता है और जब गंदे कपड़े पहनकर जाता हूँ तो सस्ती देता है।'

दूसरे मित्र ने सुझाव दिया- 'यार तुम कटोरा लेकर जाया करो, मुफ्त में ही दे देगा।'

□ □ □

अपनी पत्नी के चिड़चिड़े और गुस्सैल स्वभाव से परेशान रमन एक बार किसी महात्मा के दर्शन के लिए और महात्मा से पूछा- महाराज, कोई ऐसा उपाय बताइए जिससे मेरी पत्नी हर बात में क्लेश और अपना चिड़चिड़ापन छोड़ दें।

महात्मा ने बड़े इत्मीनान से जवाब दिया- बेटे! अगर इसका उपाय मुझे पता होता तो मैं संन्यास ही क्यों लेता।

□ □ □

पत्नी ने उलाहना देते हुए पति से कहा- 'क्योंजी, आप तो विवाह से पहले कहा करते थे कि तुम्हारी छोटी से छोटी इच्छा पूरी करूँगा।'

पति- 'हाँ, पर अब तक राह देख रहा हूँ कि तुम्हारी कौन-सी इच्छा इतनी छोटी है, जिसे मैं पूरी कर सकूँगा।'

□ □ □

## फिल्म वर्ग पहेली- 3392



**बायें से दायें:-**

१. 'ये जीवन है इस जीवन का यही है' गीत वाली फिल्म-२,१,२
४. राकेश रोशन, शत्रुघ्न सिन्हा, रीनाराय, रंजीता की फिल्म-४
६. फिल्म 'साया' में जॉन अब्राहम के साथ नायिका कौन थी-२
७. 'ऐसा कोई जिंदगी में' गीत वाली फिल्म-२
८. राजकिरण, जावेद खान की फिल्म-३
१०. 'है ना बोलो' गीत वाली फिल्म-३
१२. सुनीलदत्त, निम्मी की फिल्म-३
१४. 'देख सकता हूँ मैं कुछ' गीत वाली फिल्म-४
१७. अष्मित पटेल, मीरा की फिल्म-३
१९. 'आई जो तेरी याद' गीत वाली फिल्म-२
२०. फिल्म 'तक्षक' में अजय देवगन के साथ नायिका कौन थी-२
२१. शाहरूख, प्रियंका की 'ये मेरा दिल यार का दीवाना' गीतवाली फिल्म-२
२२. अक्षयकुमार, सुनील शेट्टी, जैकी, शत्रुघ्न, रवीना, लारा की फिल्म-२
२३. धर्मेन्द्र, जीतेंद्र, हेमा की फिल्म-३
२५. 'मैं नये जमाने की' गीत वाली अजय देवगन, रवीना की फिल्म-२
२६. फिरोज, संजय, मुमताज की 'गोरी के हाथ में' गीत वाली फिल्म-२
२७. 'झोंपडी में चारपाई' गीत वाली जीतेंद्र, श्रीदेवी की फिल्म-३
२९. राजकपूर (डबल रोल), नर्गिस की 'आ जाने बहार' गीतवाली फिल्म-२
३०. 'फूल मांगूं ना बहार मांगूं' गीत वाली फिल्म-२
३१. कमल हासन, सनी, डिम्पल की फिल्म-३
३२. फिल्म 'तपस्या' की नायिका?-२
३३. अभिनेत्री 'मनीषा कोइराला' किस देश की रहने वाली है-३

**ऊपर से नीचे:-**

१. 'नदिया किनारे आओ' गीत वाली संजय दत्त, आफताभ, नंदिता दास की फिल्म-२
२. अमिताभ, अमजद, नीतूसिंह की 'सारा जमाना हसीनों का' गीत वाली फिल्म-३
३. 'दो दिवाने शहर में' गीत वाली अमोल पालेकर, जरीना वहाब की फिल्म-३
४. नसीरूद्दीनशाह, जैकी श्रॉफ, नगमा की 'मैं प्यासी नदिया' गीत वाली फिल्म-२
५. 'लिखे जो खत तुझे वो तेरी' गीत वाली शशिकपूर, आशा पारेख की फिल्म-४
७. मनोजकुमार, आशा पारेख की 'लो आ गई उन की याद' गीत वाली फिल्म-१,३
९. 'दो नैनों में आँसू भरे हैं' गीत वाली जीतेंद्र, हेमा, शर्मिला की फिल्म-३
११. जॉय मुखर्जी, माला, शर्मिलाकी 'वो हसीन दर्द देदो' गीत वाली फिल्म-४
१३. 'इस सो पहले कि याद तू आए' गीत वाली राजेश खन्ना, श्रीदेवी की फिल्म-४
१५. 'परिचय' में जीतेंद्र की नायिका?-२
१६. करण दीवान, स्वर्णलता की 'जब तुम ही चले परदेस' गीत वाली फिल्म-३
१८. 'तन मन धन सब है' गीत वाली संजीवकुमार, लीना की फिल्म-४
२२. गुरूदत्त, शकीला, श्यामा की 'बाबू जी धीरे चलना' गीत वाली फिल्म-२,२
२३. रेखा, दिलीपकुमार, ममता की फिल्म-२
२४. शाहरूख, विवेक मुशरान, जूही की 'अपुन की लाइफ' गीत वाली फिल्म-४
२८. 'तेरे प्यार का' गीत वाली आफताब शिवदासनी, युक्ता मुखी की फिल्म-२

**फिल्म वर्ग पहेली- 3391**

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| त्रि | शु | ल | | ग | दा | र | | धा | |
| दे | | गा | य | ब | | ह | म | श | ज |
| व | च | न | | न | ग | मा | | वी | रू |
| | र | | घ | | ज | न | म | | र |
| ती | स | री | मं | जि | ल | | दा | व | त |
| स | | | डी | | | नू | री | | |
| श | जा | जी | | अ | मृ | त | | प | |
| कौ | न | | | प | | न | व | रं | ग |
| न | | अ | नु | रा | ग | | | प | |
| | जु | म्मा | | ध | | अ | प | रा | ध |

## सूडोकु -3392


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | | 4 | | | 7 |
| | | | | | 7 | 9 | | |
| 8 | | | | | | | | |
| 4 | | 5 | 8 | | | | | |
| 3 | | | | 1 | | | | 2 |
| | | | | | 9 | 7 | | 6 |
| | | | | | | | | 4 |
| | | 3 | 5 | | | | | |
| 2 | | | 6 | | | | 8 | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु -3391 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 5 | 2 | 6 | 3 | 1 | 4 | 9 |
| 4 | 3 | 1 | 9 | 7 | 5 | 8 | 2 | 6 |
| 2 | 6 | 9 | 1 | 4 | 8 | 7 | 5 | 3 |
| 3 | 1 | 4 | 6 | 8 | 9 | 5 | 7 | 2 |
| 9 | 5 | 8 | 7 | 2 | 4 | 6 | 3 | 1 |
| 6 | 7 | 2 | 5 | 3 | 1 | 9 | 8 | 4 |
| 5 | 2 | 7 | 3 | 9 | 6 | 4 | 1 | 8 |
| 1 | 4 | 6 | 8 | 5 | 2 | 3 | 9 | 7 |
| 8 | 9 | 3 | 4 | 1 | 7 | 2 | 6 | 5 |

## शब्द पहेली - 3391



**बाएँ से दाएँ**

1.मरघट,कब्रिस्तान-4
3.पागल,बुद्धिहीन-4
8.भगवान,ईश्वर,खुदा-7
10.डांटना,दुत्कार-3
11.तरुण,किशोर-3
13.ओट,घूँघट-3
15.तपस्या-2
17.पराया,अजनबी-2
18.आनंद,मौज-2
19.सूर्य,भास्कर-2
21.चिंतन,सोच विचार-3
25.वेणी,फूलों की माला जो बालों में लगाते हैं-3
26.वैद्य-3
27.आभास करना-4,3
30.शिव के इस मंदिर को महमूद गजनवी ने कई बार लूटा था-2,2
31.युद्धघोष,आक्रमण, हमला-4

**ऊपर से नीचे**

2.कवि,गजलकार-3
4.भारत का झंडा-3
5.ईश्वर,भगवान-4
6.गुरुवार-4
7.दुर्ज,पापी,भूत-3
8.शरण,आश्रय-3
9.चांदी-3
12.उत्तराधिकारी-3
13.उत्कृष्ट,प्रधान-3
14.आंचल-3
16.कमल-3
20.रुकना,अंत, ठहराव-3
22.उत्तमता, खूबी (उर्दू-4)
23.बर्दाश्त करना, निभाना-3
24.आय, कमाई-4
25.उष्ण-3
28.पराजित करना-3
29.उपपत्नी,दूसरी पत्नी-3

**शब्द पहेली -3390 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| रा | ऊ | ल | के | ला | | | क | स | क | |
| ह | र्जा | | श | | श | त्रु | ता | | न्या | य |
| गु | | | ही | र | क | | र | | | म |
| ज | ला | व | न | | | गं | | अ | नु | ज |
| र | | च | | बे | ल | गा | म | | की | |
| | शा | न | | क | | ज | | ब | ला | |
| | य | | श | रा | र | ल | | न्द | | त |
| म | द | द | | र | | | अ | र | मा | न |
| श | | | स | | शा | य | र | | | ब |
| क | म | | न | र | म | | मा | | मा | द |
| | जा | न | म | | | म | न | मो | ह | न |

### जो बोले सो निहाल, जय श्री राम के एक स्वर में लगे नारे

# नमन यात्रा के जरिए दिया हिन्दू-सिख भाईचारा का संदेश

### भारत विकास परिषद और गुरुद्वारा सिंह सभा ने निकाली नमन यात्रा






**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** भारत विकास परिषद और गुरुद्वारा सिंह सभा पलवल ने आज गुरु पुत्रों की शहादत पर नमन यात्रा का आयोजन किया। इसमें सर्व समाज के लोगों ने भारी संख्या मैं भाग लिया। इस यात्रा में सरस्वती शिशु मंदिर, बीके सीनियर सेकेंडरी स्कूल, होली चिल्ड्रन पबलिक स्कूल, सेंट सी आर स्कूल, महाराजा अग्रसेन विद्या मंदिर ,धर्म पबलिक स्कूल और एसवीएन स्कूल के बच्चों ने भाग लिया कार्यक्रम का प्रारंभ देवी मंदिर कमेटी चौक से पंच प्यारों की अगवाई में यह यात्रा बाजार से होते हुए मीनार गेट गुरुद्वारा साहिब एवं शहर से होते हुए पंचवटी मंदिर पर समाप्त हुई ।

बाजार में नमन यात्रा का भव्य स्वागत हुआ और पंचवटी पर परम पूजय महंत कामता दास जी ने पंच प्यारों का भव्य स्वागत किया पंचवटी पर ही लंगर का आयोजन किया गया। इस यात्रा में सिख संगत के साथ-साथ दोनों गुरुद्वारों के पदाधिकारी भारत विकास परिषद पलवल व माधव शाखा के स्वतंत्र गोयल, अनिल मोहन मंगला, सतीश कौशिक, रवि दत्त भारद्वाज, नरेंद्र अग्रवाल, गुलशन गोयल, भगवत स्वरूप सिंगला, देवेंद्र अग्रवाल, भूषण गोयल, डॉ अनूप सिंह, सरदार मोहन सिंह, सरदार अवतार सिंह, सरदार महेंद्र सिंह, सरदार अनूप सिंह, पूर्व विधायक दीपक मंगला आदि उपस्थित रहे। फरीदाबाद से अरुण वालिया सामाजिक सद्भाव संयोजक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ फरीदाबाद सम्मिलित हुए। अरुण वालिया ने कहा कि हम सभी को सप्ताह में एक बार अवश्य गुरुद्वारा साहिब जाना चाहिए गुरुओं की वाणी को सुनना चाहिए और उनके ऊपर चलने का प्रयास करना चाहिए।

इस अवसर पर अरुण वालिया ने संबोधित करते हुए कहा कि हम सदैव ऋणी रहेंगे, गुरु परिवार के उनकी शहादत के जिसकी वजह से आज यह देश यह धर्म बचा हुआ है। मानव इतिहास में किसी परिवार द्वारा दी गई यह सबसे बड़ी शहादत है।

उन्होंने कहा कि मेरी आप से विनती है कि गुरु परिवार, गुरू पुत्रो की शहादत उनके बलिदान की गाथा को सभी तक पहुंचाएं और इस समय जब पुरे विश्व मे युद्ध,भय और अशांति का माहोल है, हम अपने गुरुओं की सरबत दा भला मानवता, समरसता, सद्भाव और सेवा की वाणी को घर घर पहुंचाने का प्रयास करे।

अपनी वाणी को विराम देते हुए अरुण वालिया कहा कि गुरु पुत्रों का यह बलिदान, याद रखेगा हिंदुस्तान।

अनिल मोहन मंगला ने बताया कि अरुण वालिया जी पिछले 4 सालों से गुरु गोविंद सिंह जी और उनके परिवार की धर्म और राष्ट्र के लिए दी गई शहादत को नमन करने के लिए शहीदी सप्ताह में पलंग/बेड त्याग कर जमीन पर सोते है।

कार्यक्रम में विभिन्न वक्ताओं ने गुरु गोविंद सिंह के परिवार के बलिदान को देश और कौम के लिए शहादत बताया, वहां मौजूद विद्यार्थियों में एक अजीब सा जोश था। सभी ने मानव इतिहास के सर्वोच्च बलिदान,जो गुरु गोविंद सिंह जी और उनके परिवार द्वारा दिए गए बलिदान को नमन किया।

इस अवसर पर अनिल मोहन मंगला ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि चार साहिबजादों की देश और धर्म के लिए दी गई कुर्बानी को हमेशा याद रखना चाहिए।

हमें देशहित के लिए ईमानदारी से कार्य करने की जरूरत है। बोले सो निहाल सत श्री अकाल और जय श्री राम के उद्घोष के उपरांत लंगर का आयोजन किया गया।

# तिगांव में ब्लॉक स्तरीय खेलकूद स्पर्धा कार्यक्रम का आयोजन किया गया



**समाचार गेट/ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** गायत्री योग साधना मंदिर फरीदपुर नीमका बाईपास में नेहरू युवा केंद्र फरीदाबाद के द्वारा तिगांव ब्लॉक स्तरीय खेलकूद स्पर्धा का आयोजन युवा शक्ति संगठन के अध्यक्ष हर्ष कौशिक व गायत्री परिवार ट्रस्ट फरीदाबाद के द्वारा आयोजित किया गया जिसमें लड़कों के लिए वॉलीबॉल,400 मीटर रेस व लंबी कूद का आयोजन करवाया गया।व लड़कियों के लिए खो-खो,लंबी कूद व 400 मीटर की रेस का आयोजन करवाया गया, खेल स्पर्धा में 15 से 29 वर्ष आयु सीमा के लगभग 200-300 युवाओ ने भागीदारी की। (इस खेल स्पर्धा में लड़कों की लंबी कूद में पहला स्थान गांव फरीदपुर के गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल के सुमित ने प्राप्त किया ,द्वितीय स्थान गवर्नमेंट मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल तिगांव से ओक्षित ने तथा तृतीय स्थान सरस्वती शिशु सदन सीनियर सेकेंडरी स्कूल तिगांव के नमन ने प्राप्त किया,तथा लड़कियों की लंबी कूद में पहला स्थान पायल ने द्वितीय स्थान ललिता ने तथा तृतीय स्थान सुहानी ने प्राप्त किया । पुरुषों की 400 मीटर रेस में पहला स्थान ओक्षित ने तथा द्वितीय स्थान भूपेंद्र ने तथा तृतीय स्थान सुमित व नमन ने प्राप्त किया ,400 मीटर लड़कियो की दौड़ में पहला स्थान पायल ने,दूसरा स्थान ललिता कौशिक ने,तृतीय स्थान गीत ने प्राप्त किया। वालीबाल में पहला स्थान सरस्वती शिशु सदन तिगांव स्कूल की टीम ने तथा दूसरा स्थान राम विद्या मंदिर खेड़ी कला की टीम ने तथा तृतीय स्थान गवर्नमेंट मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल तिगांव की टीम ने प्राप्त किया।

लड़कियों की खो-खो में पहला स्थान गवर्नमेंट हाई स्कूल जुन्हेढा की टीम ने प्राप्त किया तथा दूसरा स्थान गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल फरीदपुर की टीम ने तथा तृतीय स्थान गवर्नमेंट मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल तिगांव की टीम ने प्राप्त किया। इस कार्यक्रम में विजेता सभी खिलाड़ियों को स्पोर्ट्स किट,ट्रॉफी,मेडल व सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया।) सभी प्रतिभागियों के लिए भोजन की भी व्यवस्था की गई थी।सभी विजेता खिलाड़ी जिला स्तर की खेलकूद स्पर्धा में भाग लेंगे ,इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में गांव भतोला से युवा नेता व समाजसेवी श्री सुरेंद्र बिघूड़ी जी,हरीश जी एवं श्री बालरूप शर्मा जी (प्रभारी गायत्री चेतना केंद्र नोएडा) श्री उमाशंकर गुप्ता,श्रीमती सुधा शर्मा जी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।श्री बालरूप शर्मा जी ने अपने विचारों द्वारा सभी युवाओं को खेलकूद से संबंधित जानकारी दी एवं श्री सुरेंद्र बिघूड़ी जी ने सभी खिलाड़ियों को खेल की भावना से खेलते हुए व हार जीत के विषय में जानकारी देकर बच्चों का मनोबल बढ़ाया और बच्चों के लिए पुरस्कार राशि देकर युवाओं के मनोबल में चार चांद लगा दिए। इस कार्यक्रम में गायत्री योग साधना मंदिर से श्री अशोक कुमार जी ,श्री किशन चंद शर्मा,श्री हरिओम वर्मा,श्री जगदीश नन्दा,श्री तेजपाल पाठक, श्री जगन्नाथ झा,श्री सुरेश शर्मा,आकाश सिंह,पार्थ शर्मा, श्रीमती तीजवन्ती पूनिया, पूजा शर्मा, रंजना सक्सेना, मीनाक्षी कौशिक, संजू शर्मा इत्यादि मौजूद रहे ,व युवा शक्ति संगठन से हर्ष कौशिक ,दिनेश डेढ़ा, मुकुल डेढ़ा, मनीष डेढ़ा, अश्वनी कौशिक नरेंद्र कौशिक, सुनील खटाना मौजूद रहे,गांव तिगांव से पीटीआई अमित नागर व सुनील जी तथा सत्यम जी मौजूद रहे।

# पृथला विधानसभा क्षेत्र में भाजपा कार्यकर्ताओं की संगठनात्मक बैठक आयोजित

**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** आज महाराजा पैलेस में पृथला विधानसभा क्षेत्र के प्रमुख कार्यकर्ताओं की संगठनात्मक बैठक की गई जिसमें सबसे पहले पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी की जयंती पर उनको नमन किया। बैठक में मुख्य अतिथि के तौर पर पूर्व मंत्री सीमा त्रिखा सहित पार्टी के पृथला से पूर्व प्रत्याशी सोहनपाल सिंह, जिला उपाध्यक्ष श्री सुखबीर मलेरना जी एवं तीनों मंडलों के अध्यक्षों सहित प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# फरीदाबाद नगर निगम में भी खिलेगा 'कमल': देवेन्द्र चौधरी

### देवेन्द्र चौधरी बने भाजपा के सक्रिय सदस्य

**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं फरीदाबाद के निवर्तमान वरिष्ठ उप महापौर देवेन्द्र चौधरी जी ने भाजपा की सक्रिय सदस्यता का फॉर्म भरा और भाजपा के सक्रिय सदस्य बने । इस अवसर पर जिला महामंत्री मनोज वशिष्ठ, सक्रिय सदस्यता अभियान के जिला संयोजक पंकज रामपाल और युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष शोभित अरोड़ा उपस्थित रहे । सक्रिय सदस्य बनने के बाद देवेन्द्र चौधरी ने कहा कि मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा की केंद्र सरकार और नायब सिंह सैनी जी के नेतृत्व में हरियाणा सरकार ने लगातार योजनाओं के माध्यम से प्रदेश की जनता को सशक्त करने का काम किया है। बिना पर्ची, बिना खर्ची युवाओं को नौकरी मिल रही है। भाजपा ने सुशासन और पारदर्शिता के साथ सरकार चलाई जिसका परिणाम रहा कि केंद्र के साथ प्रदेश में भी तीन बार लगातार जनता ने भाजपा को चुना है और फरीदाबाद में आगामी नगर निगम



चुनाव में भी फरीदाबाद में भी जनता के आशीर्वाद से कमल खिलेगा। देवेन्द्र चौधरी ने कहा कि पार्टी के संगठनात्मक चुनावों के लिए कार्यकर्त्ता बेहद उत्साहित हैं और संगठन पर्व को उत्सव की तरह मना रहे है। फरीदाबाद में भाजपा का सदस्यता अभियान जोरों पर हैं और भाजपा के सदस्य बनने के लिए जनता में जबरदस्त उत्साह है। उन्होंने कहा कि विश्व की सबसे बड़ी राजनैतिक दल भारतीय जनता पार्टी के देवतुल्य कार्यकर्त्ता ही भाजपा की असली ताकत हैं और बूथ स्तर तक के कार्यकर्त्ता भाजपा के सक्रिय सदस्य बन संगठन पर्व में उत्साह के साथ भाग ले रहे हैं। श्री चौधरी ने भाजपा के सभी कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि हरियाणा भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बडोली द्वारा शुरू किये गये सक्रिय सदस्यता अभियान में भाग लेकर सभी कार्यकर्त्ता भाजपा के सक्रिय सदस्य बनें और संगठन पर्व में भाग लेकर पार्टी को और अधिक मजबूत करें।

# राजस्थान के गुर्जर लोक कलाकारों का अनंगपुर गांव में हुआ जोरदार स्वागत

### चौ. मवासी राम की पुण्यतिथि पर लोक कलाकारों ने अपने लोकगीतों से दी उन्हें श्रृद्धांजलि

**समाचार गेट/सुमित गोयल**

**फरीदाबाद।** सूरजकुण्ड में आयोजित तीन दिवसीय गुर्जर महोत्सव में भाग लेने आए राजस्थान और मध्यप्रदेश के गुर्जर लोक कलाकारों का आज अनंगपुर गांव में सत्ते महाशय, ऋषि महाशय, फिरे भड़ाना, भागवत भड़ाना, जगत भड़ाना, रैकी भड़ाना, मनोज महाशय सुबोध महाशय, अनिल भड़ाना, यशपाल भड़ाना, सतपाल भड़ाना, सूरज चौधरी व पम्मी भड़ाना ने जोरदार स्वागत किया। इस मौके पर सुबोध महाशय,सत्ते महाशय और ऋषिपाल महाशय ने गीत गाकर बड़े भाग से इस सरादारी के हमने दर्शन पाए है से उनकी आवभगत की। इस मौके पर लोक कलाकारों की टीम ने आर्य समाजी चौ.मवासी राम जी की समाधि स्थल पर पहुंचकर उनकी पुण्यतिथि पर उन्हें नमन किया और अपने लोकगीतों के माध्यम से श्रृद्धांजलि दी। लोक कलाकारों की टीम के मुखिया ने कहा कि चौ.मवासी राम गरीबों के मसीहा और उद्धार दिल के इंसान थे। उन्होनें कहा कि चौ.मवासी राम 107 वर्ष का आयु में परमात्मा को प्राप्त हुए लेकिन उन्होनें अपनी पूरी जिन्दगी लोगों की सेवा और समाज की भलाई में लगाया। उन्होनें कहा कि चौ.मवासी राम ने अपने घर का सोना



चांदी गिरवी रखकर ना जाने कितनी गरीब कन्याओं का विवाह कराया। इस मौके पर सत्ते महाशय ने कहा कि चौ.मवासी राम ने आर्य समाज के प्रचार के लिए अपना पूरा जीवन लगा दिया तथा वे अपने हर उपदेश में देश की एकता और अखण्डता को सर्वोपरि रखते थे। सत्ते महाशय ने कहा कि चौ. मवासी राम जी के द्वारा दी गई शिक्षा और संस्कारों का ही असर है कि उनकी तीसरी और चौथी पीढ़ी समाज को एक सूत्र में बांधने के साथ साथ भाईचारे की भी मिसाल बनी हुई है और लोगों का कल्याण कर रही है। कार्यक्रम के अंत में आए हुए लोगों को प्रसाद वितरित किया गया।

## अटल बिहारी वाजपेयी को दी श्रृद्धांजलि



**समाचार गेट/जितेंद्र सिंह**

**फरीदाबाद।** पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी का जन्मदिवस सेक्टर-37 अशोका एन्कलेव भाग-3 में समाजसेवी एवं युवा भाजपा नेता देवेन्द्र अग्रवाल(देबू) के कार्यालय पर धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर देवेन्द्र अग्रवाल(देबू),सचिन मंगला,हरीश गर्ग,मुकेश अग्रवाल,विरेन्द्र यादव,हरकेश,हरिओम व लव कुश ने अटल बिहारी वाजपेयी की तस्वीर पर पुष्प चढ़ाकर उन्हें श्रृद्धांजलि दी। इस अवसी पर देवेन्द्र अग्रवाल(देबू) ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी जैसा यशस्वी और तपस्वी विरला ही पैदा होता है जिन्होनें सिर्फ देश के बारे में सोचा। उन्होनें कहा कि देश के हर गांव की सडक़को शहर से और राष्ट्रीय राजमार्ग से जोडने.का काम अटल जी के राज में ही हुआ जिसकी आजतक सराहना लोग करते है। उन्होनें कहा कि माबाईल क्रांति भी अटल जी की ही देन है जिसने सभी जातियों व साप्रंदायो को एक दूसरे से जोडने.का काम किया। उन्होनें कहा कि आज हमें अटल बिहारी वाजपेयी के पदचिन्हों पर चलते हुए यह प्रण करना है कि हमें देश के लिए काम करना है और रोज एक घण्टा गरीब जनता की सेवा में लगाना है।

## दिव्यांग बच्चों को पाठ्य सामग्री व अल्पाहार वितरित किया




**समाचार गेट/सुमित गोयल**

**फरीदाबाद।** भारती चैरिटेबल ट्रस्ट व नवदीप सेवा समिति ट्रस्ट द्वारा चेतना वेलफेयर सोसायटी में अध्यनरत दिव्यांग बच्चों की सहायतार्थ पाठ्य सामग्री व अल्पाहार वितरित किया गया। इस मौके पर भारती चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष डा. धर्मेन्द्र नांदल, नवदीप सेवा समिति ट्रस्ट के अध्यक्ष यशपाल शर्मा के अलावा समाजसेवी अरूण मिश्रा, धारा सिंह नांदल, मनीष मिश्रा, दुर्गेश मिश्रा, कैलाश पंत शर्मा, विवेक कटारिया, सहित दर्जन लोग मौजूद रहे। दोनों ही संस्थाएं समय-समय पर जरूरतमंदों की सहायतार्थ रक्दान शिविर लगाती है साथ ही पाठ्य सामग्री व भोजन सामग्री वितरित करती है। इसी कड़ी में आज चेतना वेलफेयर सोसायटी में अध्यनरत 60 बच्चों को पाठ्य सामग्री व अल्पाहार वितरित किया गया है।

# भाजपा की देश व प्रदेश सरकार ने लिखी, सुशासन की नई परिभाषाः राजकुमार वोहरा

**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** भाजपा जिला अध्यक्ष राजकुमार वोहरा ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा सरकार सुशासन के सपने को साकार कर रही है और सुशासन के कारण ही हरियाणा में विकास का पहिया तेज गति से घूम रहा है, जिससे हरियाणा का जन जन सशक्त हुआ है । मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी प्रदेश के हर वर्ग के लोगों की आकांक्षाओं को पूरा कर रहे हैं और उनके नेतृत्व में सामाजिक, आर्थिक एवं राजनीतिक न्याय में देशभर में हरियाणा चोटी पर है । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विकास के रथ पर अग्रसर है और देश विश्व पटल पर अपनी एक नई पहचान बना रहा है । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी 2047 तक भारत को विकसित भारत बनाने के लिए संकलपित हैं । भाजपा जिला अध्यक्ष राजकुमार वोहरा ने पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी की 100वीं जयंती के उपलक्ष्य में भाजपा ज़िला कार्यालय 'अटल कमल' पर आयोजित कार्यक्रम में अटल जी के चित्र पर माल्यार्पण किया और भावांजलि अर्पित की । फरीदाबाद के वरिष्ठ भाजपा नेताओं केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर, हरियाणा सरकार में कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल, खाद्य आपूर्ति मंत्री राजेश नागर, विधायक मूलचंद शर्मा, धनेश अधलखा, सतीश फागना, मुख्यमंत्री के पूर्व राजनैतिक सचिव अजय गौड़, पूर्व मंत्री सीमा त्रिखा, राष्ट्रीय परिषद सदस्य संदीप जोशी, वरिष्ठ भाजपा नेत्री नीरा तोमर, पूर्व विधायक टेकचंद शर्मा, निवर्तमान महापौर सुमन बाला, निवर्तमान वरिष्ठ उप महापौर देवेन्द्र चौधरी, किसान मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष सोहनपाल सिंह, प्रदेश, जिला व बूथ स्तर तक के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने मंडल में अलग अलग बूथों पर आयोजित कार्यक्रमों में पूर्व प्रधानमंत्री व भारतीय जनता पार्टी के संस्थापक सदस्य भारतरत्न श्रद्धेय श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी की जयंती के अवसर पर उनको स्मरण कर उनके चित्र पर माल्यार्पण किया और उन्हें भावांजलि अर्पित की ।इस



अवसर पर जिला महामंत्री मनोज वशिष्ठ, सुरेन्द्र जांगड़ा, पुनीता झा, मंडल अध्यक्ष सचिन शर्मा, सचिन गुप्ता, सचेत जैन, आभास अग्रवाल, दिनेश राघव, उमाशंकर मिश्रा, राहुल रात्रा, अमन वोहरा, कुन्दन सैनी एवं अन्य भाजपा कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे। श्री वोहरा ने कहा कि प्रदेश में नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में भाजपा सरकार 1.80 लाख तक की आय वाले परिवारों को बी.पी.एल कार्ड और 3 लाख तक की आय वाले परिवार को चिरायु योजना के तहत निशुल्क इलाज मुहैया करवा रही है । किसानों की 24 फसलों की एम.एस.पी पर खरीद की जा रही है और युवाओं को बिन खर्ची, बिन पर्ची नौकरी दी जा रही है । प्रदेश के सभी जिला और तहसील कार्यालयों पर समाधान शिविर लगाकर लोगों की समस्याओं का समाधान किया जा रहा है। प्रदेश में योजनाओं के माध्यम से महिला, किसान, युवा और गरीब सभी वर्गों को मजबूत किया जा रहा है और भाजपा राज में घर बैठे लोगों को योजनाओं का लाभ मिल रहा है। हरियाणा सरकार की जनहितैषी नीतियों का देशभर में डंका बज रहा है और दूसरे राज्य भी हरियाणा की योजनाओं को फॉलो कर अपने प्रदेशों में लागू कर रहे है । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सुशासन की एक नई परिभाषा लिख अटल बिहारी वाजपेयी जी के सुशासन के सपने को साकार कर रहे हैं।

# अटल जी के कार्य राष्ट्र के प्रति उनके समर्पण को दिखाते हैः धनेश अदलखा

**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 100वीं जयंती पर नीलम चौक स्थित उनकी प्रतिमा पर विधायक धनेश अदलखा,भाजपा जिलाध्यक्ष राजकुमार वोहरा,निर्वतमान महापौर सुमन बाला,महामंत्री मनोज वशिष्ठ,निर्वतमान पार्षद सरदार जसवन्त सिंह,मंडल अध्यक्ष अमित आहूजा सहित कई भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रृद्धांजलि दी। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष राजकुमार वोहरा ने कहा कि 25 दिसंबर का दिन न केवल अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के रूप में मनाया जाता है बल्कि इसे सुशासन दिवस के रूप में भी मनाया जाता है। विधायक धनेश अदलखा ने कहा कि एक प्रधानमंत्री के तौर पर उनका कार्यकाल इतना गौरवशाली रहा कि एक दशक के बाद भी उस कार्यकाल को न सिर्फ याद किया जाता है, बल्कि उस पर अमल भी किया जाता है। इसमें पोखरण परमाणु परीक्षण, आर्थिक नीतियों में दूरदर्शिता आदि शामिल हैं। आधारभूत संरचना के विकास की बड़ी योजनाएं जैसे राष्ट्रीय राजमार्ग और स्वर्णिम चतुर्भुज योजनाएं भी इनमें शामिल हैं। बहुत ही कम ऐसे प्रधानमंत्री हुए जिन्होंने समाज पर इतना सकारात्मक प्रभाव छोड़ा। धनेश अदलखा ने कहा कि अटल बिहारी जी कहते थे व्यक्ति को सशक्त बनाने का मतलब है राष्ट्र को सशक्त बनाना।



## संपादकीय

# एकता के सूत्र तलाशने होंगे!

आश्चर्य होता है कि इसके बावजूद भी हमारे धर्मनिरपेक्ष नेता मदमस्त हैं। वो यह नहीं समझ पा रहे हैं कि हमारे देश में कौन सा धर्म सही शिक्षा दे रहा है और कौन सा धर्म भड़काऊ शिक्षा दे रहा है। इनकी शिनाख्त करके उसे सही राह पर चलने के लिए भारत का प्रशासन विवश नहीं करेगा, तो कौन करेगा। आप धर्मनिरपेक्ष हैं, बहुत अच्छी बात है। लेकिन आप प्रकृति धर्म, प्राणी धर्म और मानव धर्म से निरपेक्ष नहीं हो सकते, क्योंकि इसका सम्मिलित स्वरूप ही राजधर्म है। मनुष्यों को नियंत्रित रखने के लिए किसी न किसी धर्म की जरूरत होती है, जो उन्हें अधार्मिक होने से रोकता है। हिंसक प्रवृतति अधार्मिक है, भोगवाद अधार्मिक है, क्योंकि इससे रोग उतपन्न होता है और बढ़ता है। वहीं, अहिंसा, त्याग और सेवा की भावना धार्मिक है, जिसे बढ़ावा देना चाहिए। यह प्राकृतिक गुण है, मानवीय गुण है और प्राणी मात्र के लिए हितैषी है। इस नजरिए से सनातन धर्म/हिन्दू धर्म इसका वाहक समझा जाता है। चूंकि हमारी सरकार




**नरवीर यादव**
**कार्यकारी संपादक**

धर्मनिरपेक्ष है, इसलिए वह इन नैसर्गिक गुणों से भी निरपेक्ष होना चाहती है, जो तमाम जन-समस्याओं की जननी है। इसलिए सवाल उठता है कि जिन्होंने हमें हिन्दू राष्ट्र और सनातनी सोच के सपने दिखाए, उन्हें भी जब देशवासियों ने कुछ अच्छा कर गुजरने के मौके दिये तो वो भी किंकर्तव्यविमूढ़ हो गए। क्या सत्ता के दुर्गुणों ने उन्हें भी अपने मायाजाल में फंसा लिया और अब वे दुष्टों के बढ़ते प्रभाव के वशीभूत होकर धर्मनिरपेक्ष होने मतलब अन्याय का समर्थन करने की वकालत कर रहे हैं। सच कहूं तो इससे एक बार फिर से धर्म की सही समझ ज्ञानी जनों के न्याय के कठघरे में खड़ी है।

खासकर तब, जब हिन्दू हृदय सम्राट समझे गए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत, गत रविवार को अमरावती में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान कहते हैं कि दुनिया में धर्म के नाम पर जितने भी अन्याय, अत्याचार होते हैं, उनके पीछे धर्म की गलत समझ काम कर रही होती है। याद दिला दें कि इससे पहले बीते सप्ताह ही आरएसएस प्रमुख ने यह भी कहा था कि जगह-जगह मंदिर विवाद खड़े करना ठीक नहीं है। लिहाजा संघ प्रमुख के बयानों के पीछे छिपी चिंता को समझे जाने की जरूरत है। क्योंकि ऐसा करना हालिया घटनाओं की रोशनी में खासा अहम हो जाता है। उन्होंने धार्मिक जटिलता पर ठीक ही कहा कि धर्म बड़ा जटिल विषय है और इसे समझने में अक्सर गलती होने की आशंका बनी रहती है। आखिर कब धर्म की उदार वृतति पर संप्रदाय विशेष की संकीर्ण दृष्टि काबिज हो जाती है और कब धार्मिक समावेशिता को सांप्रदायिक कट्टरता ढक लेती है, यह कई बार हमलोगों की समझ में नहीं आता है। आसेतु हिमालय यानी भारतीय उपमहाद्वीप के संदर्भ में देखा जाए तो बांग्लादेश में हाल के सत्ता परिवर्तन ने कैसे समाज को कट्टरपंथी तत्वों के चंगुल में ला दिया, यह सबके लिए एक ताजा सबक हो सकता है।

## जयप्रकाश दलाल ने चौ. ओमप्रकाश चौटाला के निधन पर जताया शोक



**समाचार गेट/सोनिका सूरा**

**सिवानी।** पूर्व कैबिनेट मंत्री जयप्रकाश दलाल बुधवार को तेजा खेड़ा स्थित चौटाला फॉर्म हाउस पहुंचे और प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री चौधरी ओमप्रकाश चौटाला के निधन पर शोक संवेदनाएं प्रकट की । इस अवसर पर पूर्व मंत्री दलाल ने कहा कि चौधरी ओम प्रकाश चौटाला हरियाणा की राजनीति के मजबूत स्तंभ थे । उन्होंने प्रदेश के विकास और आम सामाजिक रिश्तों को बढ़ाने में अहम भूमिका निभाई । उन्होंने कहा कि चौधरी ओम प्रकाश चौटाला कुशल प्रशासक भी थे और मुख्यमंत्री रहते उन्होंने कई मौकों पर ऐसे निर्णय लिए जिन्हे सदैव याद रखा जाएगा । विपक्ष में रहते हुए भी चौधरी ओमप्रकाश चौटाला ने आम जनता की आवाज को प्राथमिकता के आधार पर उठाया । उनके निधन से राष्ट्रीय राजनीति में जो शून्य उत्पन्न हुआ है उसकी भरपाई निकट भविष्य में असंभव लगती है।

## भूपेंद्र सिंह हुड्डा नूंह विधायक आफताब अहमद के निवास स्थान पर पहुंचे



**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा नूंह से विधायक आफताब अहमद के निवास स्थान पर पहुंचे। जहां उन्होंने कहा कि दीपक बावरिया द्वारा हरियाणा में कांग्रेस के जिला प्रभारियों की जारी की गई लिस्ट रोकी नहीं है बल्कि उसमें संशोधन करने के लिए समय लिया है। इस दौरान पत्रकारों से बातचीत करते हुए भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि सोशल मीडिया पर जारी की गई लिस्ट को लेकर उसे रोकने की अफवाह चल रही है। जबकि हरियाणा के प्रभारी दीपक बावरिया ने उस लिस्ट पर बैठकर बातचीत करने के लिए रोका गया है। भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने नेता प्रतिपक्ष के सवाल को लेकर कहा कि उन्होंने कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं को प्रस्ताव पास करके भेज दिया है। जब ऊपर से आदेश आएंगे तो बन जाएगा। उन्होंने बाबा भीमराव अंबेडकर के अपमान को लेकर कहा कि कांग्रेस देश और प्रदेश में जिला स्तर पर अभियान चला रही है। बाबा भीमराव अंबेडकर का अपमान सही नहीं है। इस दौरान हरियाणा के कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष उदयभान ने कहा कि उनके द्वारा जारी की गई लिस्ट को कांग्रेस प्रभारी दीपक बावरिया द्वारा रद्द नहीं किया गया है बल्कि जिन लोगों ने चुनाव में पार्टी से बगावत कर पार्टी के खिलाफ चुनाव लड़ा था ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने और उस लिस्ट पर विचार करने के लिए रोका गया है। उन्होंने कहा कि जैसे शारदा राठौर और फरीदाबाद से ललित नागर जैसे नामों पर परिवर्तन किया गया है बाकी सारी लिस्ट पहले की भांति है। उन्होंने कहा कि दीपक बावरिया से बैठक कर लिस्ट को जल्दी जारी कर दिया जाएगा। उन्होंने संगठन के विस्तार को लेकर कहा कि अब तो चुनाव निकल चुके हैं, जो पार्टी को नुकसान होना था वो हो चुका है। अब जैसे ही ऊपर से आदेश आएंगे लिस्ट जारी कर दी जाएगी।

# सिविल सर्जन ने देर रात उप नागरिक अस्पताल कनीना का औचक निरीक्षण कर लिया स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा

### चिकित्सक स्टाफ को मरीजों के उपचार तथा स्वच्छता को लेकर दिए दिशा-निर्देश



**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** मंगलवार देर रात डॉ. सुरेंद्र सिंह सिविल सर्जन रेवाडी एवं सह लिंक अधिकारी महेंद्रगढ़ द्वारा उप नागरिक अस्पताल कनीना का औचक निरीक्षण किया गया। उनके साथ डिप्टी सिविल सर्जन डॉ दिनेश कुमार भी थे। इस दौरान अस्पताल में डॉ अंकित शर्मा, डॉ विनय कुमार सहित रात्री स्टाफ उपस्थित मिला। सिविल सर्जन ने डॉक्टरों सहित स्टाफ को मारिजो की भलिभांति देखभाल करने तथा बेहतर उपचार देने को कहा। उन्होंने अस्पताल में साफ-सफाई रखने तथा चिकित्सक स्टाफ से ड्रूटी के दौरान नेम प्लेट सहित पूरी वर्दी में रहने के दिशा निर्देश दिए। उन्होंने अस्पताल में दाखिल मरीजों से भी बातचीत की। जिन्होंने अस्पताल में मिल रहे उपचार पर संतुष्टि जाहिर की। सर्दी में मरीजों के लिए गर्म कंबल सहित बिस्तर की व्यवस्था की गई है। डॉ सुरेंद्र सिंह ने कहा कि अस्पताल में जल्द ही अति आधुनिक मशीनें स्थापित की जाएगीं। उसके बाद मरीजों की विभिन्न टेस्ट रिपोर्ट जल्द ही हासिल होगीं ओर शीघ्रता से बढिया उपचार उपलब्ध होगा।

**नारनौल, महेंद्रगढ, कनीना व अटेली अस्पताल में स्थापित की जा रही अतिआधुनिक मशीनें**

प्रदेश की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर गंभीर हैं। उनके दिशा-निर्देशन में प्रदेश के सभी जिला अस्पतालों के अलावा उपमंडल एवं सीएचसी-पीएचसी तक स्वास्थ सुविधाओं में ईजाफा किया जा रहा है। जिला अस्पताल नारनौल, उप नागरिक अस्पताल महेंद्रगढ, कनीना व अटेली में अति आधुनिक मशीनें स्थापित की जा रही हैं। जिनका नियमित संचालन होने के बाद मरीजों की विभिन्न प्रकार की जांच रिर्पोट तत्परता से उपलब्ध हो सकेगी। रिपोर्ट मिलने के बाद चिकित्सकों को उपचार करने में भी आसानी होगी। 50 बैड के उप नागरिक अस्पताल कनीना में इलेक्टो सर्जिकल यूनिट, नारनौल व महेंद्रगढ में सपीरोमीटर सिस्टम, रेडियंट वार्मर, लेप्रोस्कोपिक सर्जरी सिस्टम मशीन, 35 डिलीवरी टेबल, 3 पार्ट सीबीसी मशीन, फुली ऑटोमैटिक बायोकेम मशीन से स्वास्थ्य सुविधाओं में विस्तार होगा।

# गांव रवां में गिरे पहाड़ के मामले में होगी उचित कार्यवाही : राव नरबीर सिंह



**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** हरियाणा के उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह ने कहा कि फिरोजपुर झिरका क्षेत्र के गांव रवां में गिरे पहाड़ के मामले में सरकार व जिला प्रशासन की ओर से उचित कार्यवाही की जा रही है। इस घटना के संबंध में मामला दर्ज कर लिया गया है तथा आगामी कार्यवाही करने व घटना से संबंधित सही तथ्य जुटाने के लिए सेटेलाइट से तस्वीरें ली जा रही हैं। यह मामला दो राज्यों से जुड़ा हुआ है और इस मामले में दोनों ही राज्य जरूरी कार्य करने के लिए कार्य कर रहे हैं। राव नरबीर सिंह बुधवार को लघु सचिवालय के सभागार में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इस मामले में सभी संबंधित विभागों को पहले ही उचित कार्यवाही के निर्देश दिए जा चुके हैं। सभी विभागों के अधिकारी अपने-अपने विभाग से संबंधित कार्यवाही के लिए तथ्य जुटा रहे हैं। इस घटना की गहराई से जांच की जाएगी और दोषी लोगों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। दोनों राज्यों में इस घटना के संबंध में एफआईआर दर्ज की जा चुकी है। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने भी संबंधित विभागों के अधिकारियों की बैठक लेकर उन्हें रूरी कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि नूंह जिला के युवाओं के लिए सरकार अलग से योजना बनाएगी। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन को निर्देश दिए गए हैं कि वे नूंह जिला में औद्योगिक क्षेत्र को विकसित करने के लिए बेहतर योजना बनाएं, ताकि यहां के युवाओं को उद्योगों में रोजगार मिले और उन्हें आमदनी प्राप्त करने के साधन आसानी से प्राप्त हों। नूंह जिला में जंगल सफारी विकसित करने के लिए भी वे प्रयासरत हैं और भविष्य में इस दिशा में संबंधित विभागों के साथ बैठक कर इस योजना के क्रियान्वयन की संभावनाओं पर चर्चा की जाएगी। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश सरकार सुशासन दिवस मना रही है। सरकार का प्रयास है कि अधिकारी व कर्मचारी सही नियत व ईमानदारी से जनता के हित के कार्यों को करें, ताकि सभी लोगों को सुशासन का आभास हो और सरकारी तंत्र पर उनका विश्वास और बढ़े। जो अधिकारी बेवजह फाइलों को रोकते हैं, उन्हें खिलाफ भी प्रदेश सरकार कार्यवाही करने से पीछे नहीं हटेगी, इसलिए अधिकारी, कर्मचारी अपनी कार्यप्रणाली को और बेहतर बनाएं। इस अवसर पर सोहना के विधायक तेजपाल तंवर, वक्फ बोर्ड प्रशासक जाकिर हुसैन, जिला परिषद चेयरमैन जान मोहम्मद, उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा, भाजपा जिलाध्यक्ष नरेन्द्र पटेल, आजाद मोहम्मद आदि मौजूद रहे।

# प्रदेश सरकार की पहल-सप्ताह के पांचों कार्यदिवसों में हो रहा जनता की समस्याओं का समाधान : राव नरबीर सिंह

### जिला लोकसंपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक में 8 शिकायतों का मौके पर ही हुआ निवारण



**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** हरियाणा के उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार का प्रयास है कि आमजन तक आसान तरीके से सरकार की कल्याणकारी योजनाओं व सुविधाओं का लाभ पहुंचे। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार का प्रयास है कि सप्ताह में पांचों कार्यदिवसों में जनता की समस्याओं का समाधान किया जाए। सभी अधिकारी, कर्मचारी ईमानदारी व तत्परता से जनहित के कार्यों को करें। सभी अधिकारियों व कर्मचारियों की उनके कार्यों के प्रति जवाबदेही तय की गई है, इसमें लापरवाही बरतने पर संबंधित के खिलाफ आवश्यक कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। राव नरबीर सिंह बुधवार को लघु सचिवालय के सभागार में जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की मासिक बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने बताया कि इस बैठक में कुल 15 परिवाद रखे गए थे, जिनमें से 8 शिकायतों का मौके पर ही निवारण कर दिया गया तथा शेष शिकायतों पर जरूरी कार्यवाही करने लिए संबंधित विभागों को निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि प्रतिदिन लघु सचिवालय में प्रातः 10 से 12 बजे तक लगने वाले समाधान शिविर में भी शेष शिकायतों का निवारण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि लोगों को प्रतिदिन लगने वाले समाधान शिविर में पहुंचना चाहिए, क्योंकि शिकायतों का निवारण जिला प्रशासन के अधिकारियों द्वारा ही किया जाना है तथा सभी अधिकारी इस समाधान शिविर में मौजूद रहते हैं।

बैठक में गांव निवासी संगेल निवासी मैमन पत्नी मुश्ताक की शिकायत थी कि शिक्षा विभाग द्वारा राजकीय कन्या मिडल स्कूल संगेल को राजकीय मिडल स्कूल संगेल में मर्ज करने पर उसे मिड-डे-मील कार्यकर्ता के पद से हटा दिया गया है, जिस पर मंत्री ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिकायतकर्ता महिला को जल्द से जल्द किसी अन्य नजदीकी स्कूल में मिड-डे-मील कार्यकर्ता के खाली पद पर पुनः नौकरी पर लगा दिया जाए।

इसी प्रकार गांव बिछौर निवासी मुकेश कुमार की शिकायत थी कि उसके पिता रामजीलाल की हत्या करीब 5 साल पहले कर दी गई थी, जिसके बाद स्वास्थ्य विभाग द्वारा उसके पिता का मृत्य प्रमाण-पत्र जारी नहीं किया गया है और उसकी जमीन पर अन्य लोगों ने कब्जा कर रखा है, इस पर संज्ञान लेते हुए मंत्री ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए शिकायतकर्ता के पिता का मृत्यु प्रमाण-पत्र जल्द से जल्द जारी किया जाए तथा पुलिस अधीक्षक उसकी जमीन पर हुए कब्जे को छुड़वाने के लिए जरूरी कार्यवाही करे। एक मामले में नूंह शहर के वार्ड नंबर-3 निवासी हासम, मो. हारून, जमील अहमद व लियाकत हुसैन ने शिकायत दी थी कि गांव अडबर को जाने वाली 11 हजार वोल्ट की बिजली तार की लाइन उनकी कालोनी के ऊपर से गुजर रही है, जिससे उन्हें खतरा होने की संभावना है। इस पर मंत्री ने बिजली विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि उनकी कालोनी के ऊपर से बिजली तार की लाइन को 31 मार्च 2025 से पहले हटा दिया जाए।

इसी प्रकार आईएमटी सोहना व नूंह इंडस्ट्रीयल एसोसिएशन के अध्यक्ष आरपी खटाना ने शिकायत दी थी कि औद्योगिक क्षेत्र रोजकामेव में विभिन्न क्षेत्रों में विकास करवाया जाए, ताकि उनकी समस्याएं दूर हों। इस पर मंत्री ने कहा कि नूंह जिला में सभी क्षेत्रों में पूर्ण विकास पर सरकार द्वारा विशेष ध्यान दिया जा रहा है, जिला प्रशासन द्वारा एसोसिएशन से संबंधित सभी समस्याओं का जल्द समाधान सुनिश्चित किया जाए। गांव किरा के सरपंच समय सिंह की शिकायत थी कि गांव में लाल डोरा संबंधी रजिसट्रियां गलत हुई हैं, जिस पर मंत्री ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को लाल डोरा संबंधी रजिसट्रियों को दुरुस्त करने के निर्देश दिए। इससे पहले उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने मंत्री का स्वागत किया तथा एजेंडे से संबंधित शिकायतों के बारे में जानकारी दी।

## तुलसी पूजन दिवस इंडरी खंड के ग्राम छछैडा में हवन आरती करके मनाया



**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** तुलसी पूजन दिवस इंडरी खंड के ग्राम छछैडा में हवन आरती करके मनाया। जिसमें आचार्य राजेश ने कहा तुलसी एक ऐसा पौधा है हिंदू संस्कृत में पूजा जाता है उसको नित्य प्रतिदिन आरती करना दीपक जलाना पानी देना आचार्य ने कहा स्वास्थ्य की दृष्टि से तुलसी का पौधा हमारे लिए बहुत लाभदायक है हमारे शरीर को अच्छा बनाता है अनेक रोगों को दूर करता है। आर्थिक दृष्टि से उनकी बहुत सारी दवाइयां बनाई जाती है जिसे लोग आर्थिक लाभ भी प्रदान करते हैं आध्यात्मिक दृष्टि से भी पीपल बरगद बेलपत्र के बाद तुलसी का पौधा ऑक्सीजन और देवताओं के निवास के लिए बताया गया है आचार्य राजेश ने शहीद उधम सिंह शहीदी दिवस गुरु गोविंद सिंह के चार साहिबजादे को भी याद किया गया उन्होंने अपने संस्कृति के लिए अपने धर्म के लिए अपना धर्म नहीं छोड़ा उन्होंने कहा जो धर्म की रक्षा करता है धर्म उनकी रक्षा करता है।

## खेडी के भोलागिरी आश्रम में रखे दानपात्र को चोरी करने का आरोपी काबू

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** कनीना-दादरी मार्ग स्थित गांव खेडी तलवाना में बने बाबा भोलागिरी आश्रम में रखे शीशा बंद दानपात्र नकदी चोरी करने के एक आरोपी को पुलिस ने काबू कर लिया है। जिसकी पहचान कृष्ण निवासी पोता, थाना कनीना के रूप में हुई है। इस बारे में बाबा भोलागिरी आश्रम कमेटी के सद्स्य कप्तान रामौतार सिंह ने कनीना सदर थाना में शिकायत दर्ज कराई थी। जिसमें आश्रम प्रांगण में शीशे में जडित तीन महात्मा की मूर्ति के साथ रखे दानपात्र को 23 दिसंबर की मध्य रात्री नकदी चोरी कर ले गया। कमेटी सद्स्यों ने सीसीटीवी फुटेज पुलिस को दी जिस पर पुलिस ने आरोपी को पोता गांव से गिरफतार कर लिया। पुजिस ने चोर को एसडीजेएम कोर्ट में श किया जहां न्यायालय ने उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

## कनीना के बाबा लाल गिरी की 49वीं स्मृति में मेला आयोजन 11 जनवरी को

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** राजकीय महाविद्यालय कनीना के समीप आगामी 11 जनवरी को पौष मास की त्रयोदशी के दिन बाबा लाल गिरी महाराज की 49वीं स्मृति में आयोजित होने वाले मेले को लेकर तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। इस विषय को लेकर कमेटी सद्स्यों की बैठक हो चुकी है। मोहन सिंह ने बताया कि आगामी 11 जनवरी को आयोजित होने वाले इस मेले में खेलकूद प्रतियोगिता, रात्रि जागरण व भंडारे का भी आयोजन किया जाएगा। 10 जनवरी को रात्री जागरण होगा तथा 11 को भंडारे व खेलकूद का आयोजन होगा। वृधो की दौड, लडके एवं लडकियों की दौड तथा कबड्डी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर रहने वली टीम को 61 हजार तथा दूसरे स्थान पर रहने वाली टीम को 31 हजार रूपये तथा तीसरे स्थान पर रहने वाली टीम को 21 हजार रूप्ये का नकद प्ररस्कार प्रदान किया जायेगा। जगमाल बोहरा ने बताया कि यहां पर प्रतिवर्ष धार्मिक मेले का आयोजन किया जाता है। इस अवसर पर सतबीर सिंह, राकेश बोहरा, सुनील कुमार, निलेश गुप्ता, पंकज, प्रदीप, अंकुर सहित प्रबुद्ध जन उपस्थित थे।

## बागोत के युवक का 12वें दिन भी नहीं हो सका अंतिम संस्कार

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** खंड के गांव बागोत में 26 वर्षीय युवक मोहित द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या करने के बारहवें दिन बुधवार को भी शव का अंतिम संस्कार नहीं हो सका। पीडित परिजन अब कोर्ट की शरण में जाने को मजबूर होंगे हालांकि परिजनों द्वारा प्राथमिकी दर्ज करने के बाद शव को मणिकर्णिका घाट, काशी-वाराणसी में अंतिम संस्कार करने की बात कही जाने लगी है। प्राथमिकी दर्ज न होने की सूरत में न्याय के लिए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया जाएगा। अंतिम संस्कार नहीं होने के चलते जिले के प्रशासनिक अधिकारियों की परेशानी बढ़ सकती है प्रशासनिक अधिकारियों के अलावा गांव के मोजिजान लोगों तथा रिश्तेदारों द्वारा मृतक के पिता कैलाश शर्मा को समझाने के काफी प्रयास किए जा चुके हैं। लेकिन वह प्राथमिक ही दर्ज करवाने पर अड़े हुए हैं। उनकी ओर से पहले प्राथमिकी दर्ज करने करने की बात कही जा रही है जबकि पुलिस साक्ष्य पेश करने की कह रही है। इधर मृतक मोहित के शव का पोस्टमार्टम होने के बाद पिछले 11 दिन से उप नागरिक अस्पताल कनीना के फ्रीजर में रखा हुआ है। जिस पर अस्पताल तथा पुलिस कर्मचारी नजर रखे हुए है। मृतक के पिता कैलाश शर्मा की ओर से प्रदेश के पूर्व मंत्री सहित 8 व्यक्त्यिों पर युवक को आत्महत्या के लिए जिम्मेवार ठहराने के आरोप लगाए जा रहे हैं। लेकिन इस बारे में मृतक युवक से किसी प्रकार का सुसाइड नोट आदि बरामद नहीं हुआ था। लिहाजा केस दर्ज करने के लिए पुलिस मृतक के परिजनों के साक्ष्य मांग रही है जबकि परिजन केस दर्ज करने की मांग पर अड़े हुए हैं। कैलाश शर्मा अब न्याय के लिए सुप्रीम कोर्ट की शरण में जाएगें। समाचार लिखे जाने तक सब का अंतिम संस्कार नहीं हो पाया था।

## सभी स्वर्णकार अपने व्यापारिक प्रतिष्ठानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाकर उन्हें चालू रखें : थाना इंचार्ज

### सुरक्षा के दृष्टिगत उठाए जा रहे कदम



**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** सोने चांदी से संबंधित कार्य करने वाले सभी स्वर्णकार अपने प्रतिष्ठानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाकर उन्हें चालू रखें यह बातें कनीना शहर थाना इंचार्ज रविंद्र सिंह ने स्वर्णकारों के साथ आयोजित बैठक में कही उन्होंने कहा कि सभी स्वर्णकार अपने व्यापारिक प्रतिष्ठान पर आने वाले अजनबी व्यक्तियों का हुलिया ध्यान में रखें तथा ऐसे व्यक्तियों की सूचना पुलिस को दें उन्होंने बताया कि सुरक्षा पहलुवों के दृष्टिगत सावधान रहना बहुत जरूरी है थाना इंचार्ज ने स्वर्णकारों की सुरक्षा संबंधी समस्याएं सुनकर निदान किया उन्होंने कहा कि रात्रि के समय पुलिस गस्त बढ़ाई गई है इस मौके पर हजारीलाल, राजेंद्र सिंह, मनोज कुमार, तुलसीराम सहित अन्य स्वर्णकार उपस्थित थे।

'राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
समाचार गेट
को TITLE CODE : HARHIN11569
आवश्यकता है
♦ हरियाणा के प्रत्येक जिले में ब्यूरो चीफ
♦ उपमंडल व ब्लॉक स्तर पर संवाददाता
♦ ग्रामीण संवाददाता ♦ फोटोग्राफर
♦ विज्ञापन प्रतिनिधि
इच्छुक युवक-युवती अपना बायोडेटा मेल करें-
samachargate@gmail.com
Cont.: 9212339503

## मुंबई में 34 साल से रह रहा एक बांग्लादेशी नागरिक गिरफ्तार

मुंबई। मुंबई की कफ परेड पुलिस ने बांग्लादेशी नागरिकों के खिलाफ चलाए गए एक अभियान में मोईन हयात बादशाह शेख (51) को गिरफ्तार किया है। वह घुसपैठ के जरिए भारत आया और 34 साल तक मुंबई में रहा। चौंकाने वाली जानकारी ये है कि उसने फर्जी दस्तावेजों से बने मतदाता पहचान पत्र का इस्तेमाल कर लोकसभा तथा विधानसभा चुनाव में मतदान भी किया था। पुलिस ने मोईन के पास से आधार कार्ड, पैन कार्ड, वोटर आईडी कार्ड और ड्राइविंग लाइसेंस समेत एक मोबाइल फोन जब्त किया है और आगे की जांच पुलिस कर रही है। बताया गया है कि अंबेडकरनगर इलाके से कफ परेड पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया मोईन 1990 में बांग्लादेश से भारत में घुसपैठ कर मुंबई पहुंचा था। बांग्लादेश के चटगांव का रहने वाला मोईन महज 17 साल की उम्र में अवैध रूप से भारत आया था। मुंबई के घाटकोपर, परेल, कुर्ला, गोवंडी और ठाणे के मुंब्रा में रहकर मोईन ने बच्चों को उर्दू और कुरान की शिक्षा दी। वह वर्तमान में कफ परेड में रहता था। कफ परेड में वह एक बड़े होटल में मौलाना के रूप में विदेश से आने वाले मुस्लिम समुदाय के साथ नमाज़ पढ़ने में भाग लेता था। उसने मुंबई में फर्जी दस्तावेज बनाए। इन दस्तावेजों की मदद से उसने मतदान भी किया। मोईन के जब्त मोबाइल फोन से पुलिस को सारी जानकारी मिल गयी है। मोइन की पत्नी बांग्लादेश में हैं और उसका बेटा विदेश में पढ़ाई कर रहा है। वह अपने बच्चों और पत्नी को मुंबई से बांग्लादेशी मुद्रा में पैसे भेजता था। मोईन ने 2021 में बांग्लादेश का दौरा किया। जांच से पता चला कि वह कोलकाता से चटगांव तक सीमा पार करने के लिए एजेंटों को भुगतान कर रहा था।

## कनाडा में मानव तस्करी, भारतीय संस्थाओं और कॉलेजों की जांच कर रही ईडी

नई दिल्ली। ईडी मानव तस्करी के जरिये कनाडा सीमा से भारतीय लोगों को अमेरिका भेजने से संबंधित धन शोधन से जुड़े मामले में कनाडा के कॉलेजों और भारतीय संस्थाओं की संलिप्तता की जांच कर रही है। ईडी ने जानकारी देते हुए कहा कि जांच गुजरात के डिंगुचा गांव के रहने वाले चार सदस्यीय भारतीय परिवार की मौत से जुड़ी है, जो 19 जनवरी, 2022 को अवैध रूप से कनाडा-अमेरिका सीमा पार करने की कोशिश में तेज ठंड के कारण मारे गए थे। ईडी ने मुख्य आरोपी भावेश अशोक भाई पटेल और कुछ अन्य के खिलाफ अहमदाबाद पुलिस की प्राथमिकी का संज्ञान लेते हुए पीएमएलए की आपराधिक धाराओं के तहत मामला दर्ज किया था। पटेल और अन्य पर आरोप है कि उन्होंने मानव तस्करी करके भारतीयों को अवैध रूप से कनाडा से अमेरिका भेजने की एक सुनियोजित साजिश रची थी। जांच में पहले पाया गया था कि इस मानव तस्करी गिरोह के हिस्से के रूप में आरोपी ने कनाडा स्थित कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में अवैध रूप से अमेरिका जाने के चाह रखने वालों के लिए प्रवेश की व्यवस्था की थी।

## मानसिक रूप से अस्वस्थ महिला से दुष्कर्म मामले में आरोपी को मिली उम्र कैद

पालघर। महाराष्ट्र के पालघर जिले की एक कोर्ट ने 2021 में मानसिक रूप से अस्वस्थ महिला से दुष्कर्म के मामले में एक व्यक्ति को उम्र कैद की सजा सुनाई है। कोर्ट के अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश एवी चौधरी-इनामदार ने आदेश में कहा कि विक्रमगाड इलाके में रहने वाले दशरथ मारूति (45) के खिलाफ आरोप साबित हो गए हैं। अतिरिक्त लोक अभियोजक अरुण मसराम ने कोर्ट से कहा कि दिसंबर 2021 में पीड़िता मनोर इलाके में अपने घर में सो रही थी और उसकी मां बाहर गई हुई थी, तभी आरोपी वहां पहुंचा और महिला से रेप किया। उसके बाद आरोपी ने धमकी दी कि अगर उसने इस बारे में किसी को बताया तो उसे गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। अप्रैल 2022 में महिला के गर्भवती होने का पता चला, जिसके बाद उसकी मां की शिकायत पर पुलिस ने रेप समेत विभिन्न आरोपों में प्राथमिकी दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया था। अभियोजक ने बताया कि परीक्षण के दौरान पीड़िता के भ्रूण का डीएनए आरोपी के डीएनए से मेल खा गया और इस सबूत को कोर्ट ने स्वीकार कर लिया और आरोपी को आजीवन कारावास की सजा के साथ 11 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया और निर्देश दिया कि यह राशि पीड़िता को मुआवजे के तौर पर दी जाए।

## आर्मी वैन दुर्घटना में 5 जवानों की मौत, 4 जवानों की हालत गंभीर

पुंछ। जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में मंगलवार शाम आर्मी वैन 350 फीट गहरी खाई में गिर गई। वैन में 18 जवान सवार थे। इसमें से 5 की मौत हुई । वहीं, 13 घायल हैं। इसमें से भी 4 की हालत गंभीर बनी हुई है। हादसे की सूचना मिलते ही सेना की तत्काल प्रतिक्रिया दल (क्यूआरटी) ने मौके पर पहुंचकर रेस्क्यू शुरू किया। घायल जवानों को आसपास के अस्पताल में शिफ्ट किया है। सर्च ऑपरेशन खत्म हो गया है। सेना ने बताया कि काफिले में 6 गाड़ियां थी, जो पुंछ जिले के पास ऑपरेशनल ट्रैक से होते हुए बनोई इलाके की तरफ जा रही थीं। तभी एक वाहन के ड्राइवर के संतुलन खोने की वजह से वैन खाई में गिर गई। हादसे में शामिल सभी जवान 11 मराठा रेजिमेंट के बताए जा रहे हैं। सेना ने इस घटना में किसी आतंकी एंगल होने की संभावना नकार दी है।

## मणिपुर में पुल के नीचे से 3.6 किलोग्राम विस्फोटक मिला, बड़े ब्लास्ट की थी साजिश

इंफाल। मणिपुर के चुराचांदपुर जिले में इंफाल-चुराचांदपुर मार्ग पर पुल के नीचे से असम राइफल्स, आर्मी और मणिपुर पुलिस ने 3.6 किलोग्राम विस्फोटक, डेटोनेटर और अन्य सामान बरामद किया है। उग्रवादी बड़े धमाके की तैयारी में थे। पिछले दो माह से असम राइफल्स और मणिपुर पुलिस उग्रवादियों के खिलाफ लगातार अभियान चला रही है। इसके पहले आर्मी और मणिपुर पुलिस ने तलाशी अभियान के दौरान कई जगहों से 21.5 किलोग्राम वजन की 5 इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) बरामद की थीं।

# चुनाव आते ही केजरीवाल बांटने लगे फ्री की रेवड़ियां, कर्ज में डूब रही दिल्ली

### -राजनीतिक पंडितों का मानना फ्री की योजनाओं से बिगड़ेगी आर्थिक स्थिति

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली चुनाव में एक बार फिर अरविंद केजरीवाल रेवड़िया बांटने का काम कर रहे हैं। कभी महिलाओं को 2100 रुपए देने का ऐलान, कभी बुजुर्गों को मुफ्त इलाज, कभी दलित बच्चों के लिए स्कॉलरशिप, चुनावी मौसम में आम आदमी पार्टी हर कीमत पर दिल्ली की सत्ता पर काबिज होना चाहती है।

राजनीतिक पंडितों का मानना है कि अरविंद केजरीवाल की योजनाएं एक तरफ उन्हें वोट तो दिलवा सकती हैं, लेकिन दिल्ली की आर्थिक स्थिति पर इसका बुरा असर पड़ सकता है। अगर आरबीआई के ही पिछले कुछ सालों के आंकड़े निकाल कर देखें तो स्थिति चिंताजनक है। अगर दिल्ली की मुफ्त बिजली योजना की बात करें तो सालाना इस पर केजरीवाल की सरकार 3600 करोड़ रुपए खर्च कर रही है। पानी की सब्सिडी पर भी



सालाना 500 करोड़ तक का खर्च आ रहा है। इसके ऊपर महिलाओं को जो फ्री बस सेवा दी है, उस पर भी सरकार के खजाने से हर साल 440 करोड़ रुपए खर्च हो रहे हैं।

अब इन फ्री योजनाओं से एक तरफ वोट तो मिल रहे हैं, लेकिन दिल्ली कर्ज में डूबती जा रही है। 2020 में दिल्ली पर 3,631 करोड़ रुपए का कर्ज था, यह 2021 में बढ़कर 9,464 करोड़ तक पहुंच गया। इसके बाद 2022 में 15,689 करोड़ और अब 2025 को लेकर कहा जा रहा है कि यही कर्ज 15,881 करोड़ रुपए तक पहुंच सकता है।

दिल्ली की आप सरकार का ही वित्त विभाग मानता है कि महिलाओं को जो 2100 रुपए हर माह देने का ऐलान किया है, इससे आर्थिक बजट बिगड़ सकता है। वित्त विभाग ने यहां तक कहा है कि महिला सम्मान पर जो अभी तक बजट का 15 फीसदी हिस्सा खर्च किया जा रहा है, अगर सब्सिडी का दायरा बढ़ा दिया जाता है तो यह आंकड़ा 20 फीसदी तक चला जाएगा। अब दिल्ली सरकार की तरफ से जो फ्री योजनाओं को चलाया जा रहा है, इस पर दिल्ली हाईकोर्ट भी चिंता जता चुका है। इसी साल 26 नवंबर को आतिशी सरकार को तब फटकार पड़ी थी जब कहा गया कि बुनियादी ढांचे को बेहतर बनाने के लिए ज्यादा काम नहीं किया गया है। तब हाईकोर्ट ने यहां तक कहा था कि राजनेता ना तो शहर के विकास के लिए पैसा खर्च कर रहे हैं और ना ही कहीं से पैसा इकट्ठा कर रहे हैं। केवल मुफ्त की योजनाओं पर पैसा खर्च किया जा रहा है।

## कांग्रेस विधायक ने अल्लू को चेताया कहा- सीएम के खिलाफ कुछ भी बोला तो...

हैदराबाद। निजामाबाद (ग्रामीण) से कांग्रेस विधायक आर भूपति रेड्डी ने मंगलवार को अभिनेता अल्लू अर्जुन को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर उन्होंने तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी के खिलाफ कोई टिप्पणी की तो उनकी फिल्मों को राज्य में चलने नहीं दिया जाएगा। आर भूपति रेड्डी ने कहा कि कांग्रेस कभी भी सिनेमा उद्योग के खिलाफ नहीं रही है। कांग्रेस सरकारों ने हैदराबाद में फिल्म उद्योग को स्थापित करने के लिए फिल्मी हस्तियों को जमीन दी। लेकिन पुष्पा जैसी फिल्में समाज के लिए लाभकारी नहीं हैं। यह एक तस्कर की कहानी है। रेड्डी ने आगे कहा, आप (अल्लू अर्जुन) हमारे मुख्यमंत्री के बारे में कुछ भी कहने से पहले अलर्ट रहें।



आप आंध्र प्रदेश से हैं और यहां रहने आए हैं। तेलंगाना के लिए आपका योगदान क्या है? हम 100 प्रतिशत चेतावनी दे रहे हैं। अगर आप अपने तरीके नहीं सुधारते, तो हम आपकी फिल्मों को तेलंगाना में चलने नहीं देंगे। यह बयान उस घटना के संदर्भ में आया है जिसमें 4 दिसंबर को पुष्पा-2 की स्क्रीनिंग के दौरान एक महिला की मौत हो गई थी और उसका बेटा घायल हो गया था। उस घटना को लेकर मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने अल्लू अर्जुन की आलोचना की थी। रेड्डी ने यह भी आरोप लगाया कि अल्लू अर्जुन ने थिएटर में बिना अनुमति के फिल्म की स्क्रीनिंग की थी।

## आज 14 राज्यों के 17 बच्चों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से सम्मानित करेंगी राष्ट्रपति मुर्मू

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय गुरुवार, 26 दिसंबर को राजधानी के भारत मंडपम में वीर बाल दिवस मनाएगा। जिसमें राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू असाधारण उपलब्धियों के लिए 14 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के कुल 17 बच्चों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से सम्मानित करेंगी। 17 में 7 लड़के और 10 लड़कियां शामिल हैं। इस वर्ष यह पुरस्कार बच्चों को सात श्रेणियों में प्रदान किया जाएगा। मंत्रालय ने बताया कि इस वर्ष वीर बाल दिवस समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और पुरस्कार विजेताओं व गणमान्य व्यक्तियों के साथ ही कुल करीब 3 हजार 500 बच्चे भाग लेंगे। भारत की समृद्ध विरासत को प्रदर्शित करते हुए यह बच्चे सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत करेंगे।

**इन सात श्रेणियों में मिलेगा पुरस्कार**

मंत्रालय ने बताया कि 2024 में जिन सात श्रेणियों के तहत बच्चों को वीर बाल पुरस्कार प्रदान किए जाएगा। उनमें कला और संस्कृति, बहादुरी, नवाचार, विज्ञान-प्रौद्योगिकी, सामाजिक सेवा और खेल और पर्यावरण मुख्य हैं। पुरस्कार के रूप में प्रत्येक विजेता को एक पदक, प्रमाणपत्र और प्रशस्ति पत्र पुस्तिका प्रदान की जाएगी।

**पीएम करेंगे सुपोषित पंचायत योजना का शुभारंभ**


समारोह के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सुपोषित पंचायत योजना की शुरुआत करेंगे और मार्च पास्ट को हरी झंडी दिखाएंगे। इस अवसर केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती अन्नपूर्णा देवी का उद्घाटन भाषण होगा। इस समारोह का उद्देश्य युवा मस्तिष्कों को पोषित करने, उनकी रचनात्मकता बढ़ाने और विकसित भारत की भविष्य दृष्टि में योगदान के लिए उन्हें प्रेरित करने पर केंद्रित रहेगा। इस खास अवसर पर देशभर में माई गॉव, माई भारत पोर्टल पर ऑनलाइन गतिविधियां सहित देशभर के स्कूलों, बाल देखभाल संस्थानों, आंगनबाड़ी केंद्रों में कहानी सुनाने, रचनात्मक लेखन, पोस्टर बनाने, निबंध लेखन, कविता और प्रश्नोत्तरी जैसे विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

## अब पॉपकॉर्न पर भी लगेगा जीएसटी, यूजर्स सरकार के लेने लगे मजे

### -यूजर्स बोले-सुनार की दुकान पर मिलेगा, क्या अब सांस लेने पर लगेगा टैक्स

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** जीएसटी काउंसिल की बैठक में सरकार ने कई फैसलों पर मुहर लगा दी है। केंद्र सरकार ने पुरानी गाड़ियों से लेकर पॉपकॉर्न तक पर जीएसटी लगाने का ऐलान कर दिया है, जिसके बाद पॉपकॉर्न खाने वाले परेशान हो गए हैं कि अब पॉपकॉर्न खाना भी मुश्किल हो गया है। सोशल मीडिया पॉपकॉर्न पर लगे जीएसटी को लेकर बहस छिड़ गई। जहां यूजर्स केंद्र सरकार के इस फैसले पर मजे ले रहे हैं। कुछ यूजर्स ने इस पर सरकार का बचाव भी किया तो कुछ ने इसे खुलेआम लूट बताया है।

कई लोगों का कहना है कि सरकारी खजाने इज्जत से भी भरे जा सकते हैं, लेकिन सरकार लूट मचाकर इन्हें भरना चाहती है। सबसे ज्यादा चोट थिएटर में जाकर फिल्म देखने वाले लोगों को पहुंची, जो हर हफ्ते एक फुल पॉपकॉर्न का पैक लेकर फिल्म के मजे लेते हैं। बता दें कि केंद्र



सरकार ने शनिवार को हुए जीएसटी काउंसिल की बैठक में फैसला लेते हुए पॉपकॉर्न पर कैटेगरी वाइज जीएसटी लगाया था, जिसके बाद नेटीजंस ने इंटरनेट पर हलचल मचा दी।

पॉपकॉर्न पर कैटेगरी वाइज जीएसटी की खबर जैसे ही फैली लोगों ने इस पर मीम बनाने शुरू कर दिए किसी ने कहा कि पॉपकॉर्न खरीदने से पहले जीएसटी स्लैब की पढ़ाई करनी पड़ेगी तो किसी ने कहा कि अब सांस लेने पर जीएसटी लगने की देर है। एक और यूजर ने लिखा कि कैरेमलाइज्ड पॉपकॉर्न पर 18 फीसदी जीएसटी ऐसा है मानो इसे सुनार की दुकान पर बेचा जाने लगेगा।

बता दें कि केंद्र सरकार ने जीएसटी की अलग-अलग कैटेगरी बनाई हैं, जिनमें रेडी टू ईट पॉपकॉर्न पर 5 फीसदी जीएसटी, लेबल वाले और डब्बा पैक पॉपकॉर्न पर 12 फीसदी तो वहीं कैरेमलाइज्ड पॉपकॉर्न पर 18 फीसदी जीएसटी लगाया गया है। यूजर्स ने मोदी सरकार से सवाल किया है कि सांस लेने पर जीएसटी कब लगा रहे हो। सोशल मीडिया पर पॉपकॉर्न को लेकर मीम की बाढ़ आ गई, लोगों ने पॉपकॉर्न का असली इज्जत का हकदार बताया तो कुछ ने कहा कि पॉपकॉर्न कंपनियों को बगैर प्रचार के ही इतनी प्रसिद्धि मिल गई है।

एक यूजर ने लिखा कि पॉपकॉर्न अब सभी स्नैक्स का सरदार बन गया है, लिहाजा इसे फूड इंडस्ट्री का राजा घोषित कर देना चाहिए। हालांकि जीएसटी पॉपकॉर्न के अलग-अलग फ्लेवर को लेकर लगाया गया है, लेकिन जनता तो जनता है और टांग खींचना उनका अधिकार जो ठहरा। इंटरनेट पर कैरेमलाइज्ड और सॉल्टेड पॉपकॉर्न पर टैक्स की तुलना की जा रही है और लोग इस पर केंद्र सरकार के मजे ले रहे हैं।

## अयोध्या में राम दरबार सहित 18 मंदिर का निर्माण जारी, तुलसी दास के मंदिर का शिखर पूजन हुआ

अयोध्या । अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि परिसर में भव्य राम मंदिर का निर्माण चल रहा है। परिसर में राम दरबार सहित 18 मंदिर भी तैयार हो रहे हैं। इन मंदिरों के निर्माण में तेजी आ गई है। मंदिर परिसर में श्रद्धालु सुविधा केन्द्र (पीएफसी) भवन के निकट श्रीराम चरित मानस के रचयिता तुलसी दास का मंदिर बनाया जा रहा है। इसके शिखर का पूजन किया गया। श्रीराम जन्मभूमि ट्रस्ट ने परिसर में बन रहे मंदिरों की तस्वीरें जारी की हैं। इसमें रामायण कालीन महर्षियों और महापुरुषों के मंदिर स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहे हैं। सभी मंदिरों की तस्वीरें तीन तरफ से ली गई हैं, जो देखने में अद्भुत लग रही हैं। 161 फीट ऊंचे तीन मंजिला राम मंदिर का निर्माण दिसंबर, 2025 तक पूरा करने की योजना है। ग्राउंड फ्लोर से लेकर दूसरे फ्लोर तक की कुल ऊंचाई 60 फीट से अधिक होगी। इसके बाद श्रद्धालुओं को भूतल से प्रथम और दूसरे तल पर जाने में कोई असुविधा न हो, राम मंदिर ट्रस्ट इसके लिए लिफ्ट भी लगवा रहा है। श्रीराम जन्मभूमि क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्रा ने बताया कि मंदिर के पश्चिम में दो लिफ्ट भी बन रही हैं। एक लिफ्ट 24 लोगों की क्षमता वाली होगी। उत्तर दिशा में छह लोगों की क्षमता वाली एक लिफ्ट का भी निर्माण होना है। प्राण प्रतिष्ठा की वर्षगांठ यानी 22 जनवरी 2025 से पहले लिफ्ट का काम पूरा हो जाएगा।

## सीएम सिद्धारमैया के नाम पर सड़क का नाम, बीजेपी बोली- यह मैसूर की समृद्ध विरासत का अपमान

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** मैसूरु में एक सड़क का नाम कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के नाम पर रखने से एक नया विवाद खड़ा हो गया है। विपक्ष ने इस कदम के लिए अधिकारियों पर हमला बोला है। जनता दल (सेक्युलर) पार्टी और भाजपा ने इसे कर्नाटक के लोगों के साथ 'विश्वासघात और अपमान' बताया और फैसले को वापस लेने की मांग की। हेरिटेज शहर के नागरिक निकाय, मैसूर सिटी कॉर्पोरेशन ने मेटागल्ली में श्री लक्ष्मी वेंकटरमण स्वामी मंदिर सर्कल और रॉयल इन जंक्शन के बीच के हिस्से का नाम बदलकर सिद्धारमैया आरोग्य मार्ग करने का प्रस्ताव रखा और इस कदम पर सार्वजनिक सुझाव भी आमंत्रित किए गए।

कुछ रिपोर्टों से पता चलता है कि यह चामराजा विधायक हरीश गौड़ा थे जिन्होंने सबसे पहले सड़क के लिए सिद्धारमैया के नाम की सिफारिश की थी। जेडीएस ने सवाल किया कि एमसीसी कैसे सड़क का नाम सिद्धारमैया के नाम पर रख सकती है, जो मैसूर शहरी विकास प्राधिकरण (एमयूडीए) घोटाले में आरोपी हैं और जांच का सामना कर रहे हैं। जेडीएस ने कहा कि मैसूर महानगर निगम में कोई निर्वाचित बोर्ड



नहीं है। कांग्रेस सरकार द्वारा नियुक्त अधिकारियों ने अपना कर्ज चुकाने के लिए सड़क का नाम सिद्धारमैया के नाम पर रखने का फैसला किया है। मुख्यमंत्री के नाम पर एक सड़क का नाम रखना न केवल ऐतिहासिक शहर मैसूर बल्कि पूरे राज्य के साथ विश्वासघात और अपमान है।

कर्नाटक सरकार द्वारा मैसूरु में एक सड़क का नाम बदलकर सीएम सिद्धारमैया के नाम पर करने के प्रस्ताव की रिपोर्ट पर बीजेपी नेता शहजाद पूनावाला ने कहा कि कांग्रेस का एकमात्र उद्देश्य हर चीज का नाम टीपू सुल्तान या सिद्धारमैया के नाम पर रखना है...वे मैसूर के लोगों को क्या संदेश देना चाह रहे हैं? सिद्धारमैया ने उनकी जमीनें हड़प लीं, आरोपी नंबर बन गए। एमयूडीए घोटाले में 1, और अब एक सड़क का नाम उसके नाम पर रखा जा रहा है। यह मैसूर की समृद्ध विरासत का अपमान है।

एमयूडीएघोटाला मामले पर विधानसभा में चर्चा कराने की मांग उठी है और पिछले हफ्ते विधानसभा सत्र में सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तीखी नोकझोंक देखने को मिली थी। कांग्रेस नेता बीके हरिप्रसाद ने एमयूडीए घोटाले पर बीजेपी अध्यक्ष बीवाई विजयेंद्र की मांगों पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की और उनसे उन जमीनों के बारे में भी बोलने को कहा जो कथित तौर पर पिछली बीजेपी सरकार के दौरान आरएसएस को आवंटित की गई थीं।

## विपक्ष का खेल होगा खराब, एनडीए नेताओं के साथ जेपी नड्डा और अमित शाह की बड़ी बैठक, बना ये प्लान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बीआर अंबेडकर पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की टिप्पणी को लेकर कांग्रेस और भारतीय धड़े के तीखे हमलों के बीच, भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने विपक्ष की कहानी का मुकाबला करने की पूरी रणनीति बना ली है। पार्टी ने एकजुट प्रतिक्रिया की रणनीति बनाने के लिए बुधवार को अपने एनडीए सहयोगियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक बुलाई। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा के आवास पर आयोजित बैठक एक घंटे तक चली और शाह की टिप्पणियों पर प्रतिक्रिया, जाति जनगणना पर बहस और सामाजिक न्याय की राजनीति जैसे प्रमुख मुद्दों पर केंद्रित रही।



शाह ने आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू सहित गठबंधन नेताओं को संबोधित करते हुए कथित तौर पर इस बात पर जोर दिया कि कांग्रेस भाजपा को कमजोर करने के लिए झूठी कहानियां गढ़ने का प्रयास कर रही है। उन्होंने एनडीए से ऐसे प्रयासों का एकजुट होकर मुकाबला करने का आग्रह किया। सूत्रों ने कहा कि भाजपा का अपने सहयोगियों को केंद्रीय संदेश स्पष्ट है- विपक्ष के हमलों को प्रभावी ढंग से बेअसर करने के लिए एनडीए को एक एकीकृत मोर्चा पेश करना होगा।

बैठक में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे विशेष रूप से अनुपस्थित रहे। जद (यू) का प्रतिनिधित्व केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन, जिन्हें ललन सिंह के नाम से भी जाना जाता है, ने किया, जबकि शिवसेना ने केंद्रीय राज्य मंत्री प्रतापराव गणपतराव जाधव को भेजा। अन्य प्रमुख उपस्थित लोगों में केंद्रीय मंत्री और जद (एस) नेता एचडी कुमारस्वामी, टीडीपी नेता के. राममोहन नायडू, और केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल, जीतन राम मांझी और संजय निषाद शामिल थे। चर्चा के दौरान, शाह ने कथित तौर पर हाल के राजनीतिक घटनाक्रमों, विशेष रूप से संसद के शीतकालीन सत्र से लिए गए सबक पर विचार किया। उन्होंने कांग्रेस पर ऐतिहासिक रूप से अंबेडकर की विरासत की उपेक्षा करने का आरोप लगाया, जबकि अब इसे राजनीतिक लाभ के लिए हथियाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने भाजपा और उसके सहयोगियों को इस तरह के युद्धाभ्यासों का मजबूती से और एकजुट होकर जवाब देने की आवश्यकता को रेखांकित किया।

## हिमाचल में बर्फबारी के चलते 233 सड़कें बंद, चार पर्यटकों की मौत, वाहन फिसलने से कई घायल

*** अटल सुरंग के पास फंसे करीब 500 वाहनों के यात्रियों को सुरक्षित बचाया**

**शिमला (एजेंसी)।** हिमाचल प्रदेश में बीते दो रोज से लगातार बर्फबारी का दौर जारी है। शिमला के नारकंडा, मनाली की अटल टनल सहित ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी हो रही है। अटल टनल के पास मंगलवार रात को भी बर्फ गिरी है। इसके बाद अटल टनल को सैलानियों के लिए बंद किया गया है। मनाली के सोलांग तक ही सैलानियों की आवाजाही हो रही है। फिलहाल, आगे बर्फबारी अधिक हुई है।

उधर, बर्फबारी के चलते तीन नेशनल हाईवे सहित राज्य में 233 सड़कें बंद हैं। हिमाचल सरकार के अधिकारियों ने इसकी जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि प्रदेश के किन्नौर, लाहौल एवं स्पीति, शिमला, कुल्लू, मंडी, चंबा और सिरमौर जिले के ऊंचे इलाकों में बर्फबारी हुई। जानकारों ने बताया कि शिमला के होटल में 70 प्रतिशत कमरे भरे हैं। उन्होंने बताया कि बर्फबारी के कारण कमरों की बुकिंग में 30 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। अतिरिक्त मुख्य सचिव (राजस्व और आपदा) ओंकार शर्मा ने बताया कि अटल सुरंग के पास फंसे करीब 500 वाहनों में मौजूद पर्यटकों को सुरक्षित बचाया गया।

खबरों के अनुसार, बर्फबारी के कारण पिछले 24 घंटे में हुई दुर्घटनाओं में चार लोगों की मौत हो गई तथा कुछ स्थानों पर वाहन फिसलने के कारण कई लोग घायल हुए। प्रशासन ने अभी तक मृतकों के बारे में अभी कोई जानकारी साझा नहीं की है। प्रशासन ने बताया कि शिमला में सबसे ज़्यादा 145 सड़कें बंद हैं, इसके बाद कुल्लू में 25 और मंडी में 20 सड़कें बंद हैं। वहीं बर्फबारी के कारण 356 ट्रांसफार्मर ठप पड़ गए हैं, जिससे कई इलाकों में बिजली गुल हो गई है।

लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने बताया कि हिमाचल प्रदेश में दिसंबर में होने वाली बर्फबारी सेब के लिए अच्छी मानी जाती है, क्योंकि इससे मिट्टी को नमी मिलती है और इससे पर्यटन को भी बढ़ावा मिलता है। अधिकारियों के साथ सड़क की स्थिति की समीक्षा करने के बाद सिंह ने कहा कि शिमला, कुल्लू-मनाली और डलहौजी में पर्यटकों के आने की उम्मीद है। उन्होंने बताया कि पर्यटकों की आमद को संभालने के लिए विभाग पूरी तरह तैयार है। सड़कों पर बर्फ हटाने के लिए दो 'स्नो ब्लोअर' सहित कुल 268 मशीनों का इस्तेमाल किया जा रहा है।

मौसम विभाग ने हिमाचल प्रदेश के कुछ हिस्सों तथा विशेषकर शिमला में कुछ स्थानों पर शुक्रवार शाम से रविवार दोपहर तक बारिश और बर्फबारी की संभावना जाहिर की है। शनिवार को बारिश की संभावना अधिकतम होगी। मौसम विभाग ने



बिलासपुर, ऊना, हमीरपुर और मंडी में भीषण ठंड के लिए 'ऑरेंज' अलर्ट जारी किया है, जबकि भाखड़ा बांध जलाशय क्षेत्र और मंडी के बल्ह घाटी के कुछ हिस्सों में बृहस्पतिवार तक घने कोहरा छाए रहने की संभावना के चलते 'येलो' अलर्ट जारी किया है।

# अडानी ने खरीदी एयर वर्क्स इंडिया में मैजोरिटी हिस्सेदारी, 400 करोड़ में हुई डील

### कंपनी देश की दिग्गज एयरलाइंस कंपनियों को देती हैं सेवाएं

**नई दिल्ली।** बीते कुछ महीनों में भारत के उद्योगपति गौतम अडानी अमेरिकी के लगाए गए आरोपों के चलते विवादों में रहे, लेकिन इस बीच उनका फोकस पूरी तरह कारोबार के विस्तार पर था। अब साल के आखिर में अडानी ग्रुप ने एक बड़ी डील की है। इसके तहत अडानी डिफेंस सिस्टम्स एंड टेक्नोलॉजीज लिमिटेड ने एयर वर्क्स इंडिया में मैजोरिटी हिस्सेदारी खरीदी है। गौतम अडानी ने जिस एयर वर्क्स कंपनी की अधिग्रहण किया है, वह भारत की प्रमुख प्राइवेट एयरक्राफ्ट मेंटेनेंस कंपनी है। यह अधिग्रहण अडानी डिफेंस सिस्टम एंड टेक्नोलॉजीज लिमिटेड ने किया है और इसके साथ ही कंपनी की एंट्री विमान मैंटिनेंस, रखरखाव और ओवरहाल इंडस्ट्री में हो गई है। अडानी ग्रुप के मुताबिक ये पूरी डील 400 करोड़ में हुई है। इस 400 करोड़ रुपए की डील के जरिए अडानी डिफेंस सिस्टम्स एंड टेक्नोलॉजीज लिमिटेड ने एयर वर्क्स में 85.8 फीसदी हिस्सेदारी खरीदी है और एग्रीमेंट साइन किए हैं। इस संबंध में अडानी ग्रुप की ओर से एक बयान जारी किया गया है जिसमें कहा है कि एडीएसटीएल ने देश की सबसे बड़ी प्राइवेट एमआरओ कंपनी एयर वर्क्स में मैजोरिटी हिस्सेदारी हासिल करने के लिए डील की है। एयर वर्क्स इंडिया की स्थापना साल 1951 में की गई थी और ये देश की दिग्गज एयरलाइंस कंपनियों को सेवाएं देती है। इसकी कस्टमर लिस्ट में इंडिगो और विस्तारा जैसे नाम शामिल हैं। इसके अलावा लुफ्थांसा, टर्किश एयरलाइंस समेत एतिहाद जैसी इंटरनेशनल एयरलाइंस भी इससे सर्विसेज लेती हैं। इसके साथ ही एयर वर्क्स इंडियन नेवी और एयरफोर्स के विमानों की भी देखरेख करती है।

कभी दुनिया के टॉप-3 अमीरों में शामिल गौतम अडानी की 10 कंपनियां शेयर बाजार में लिस्टेड हैं और उनका कारोबार घर की रसोई से लेकर एयरपोर्ट्स तक फैला हुआ है। अडानी की नेटवर्थ ब्लूमबर्ग बिलेनियर्स इंडेक्स के मुताबिक, 75 अरब डॉलर है और इस आंकड़े के साथ दुनिया के टॉप अरबपतियों की लिस्ट में वे 19वें पायदान पर हैं। बीते 24 घंटे में उनकी संपत्ति में 249 मिलियन डॉलर का इजाफा हुआ है।

# मस्क की संपत्ति 474 अरब डॉलर पर पहुंची

**लास वेगास ।**

टेस्ल के प्रमुख एलन मस्क की संपत्ति 474 अरब डॉलर तक पहुंच गयी है। मंगलवार को मस्क की कंपनी के शेयर बढ़ने से उनपर एक प्रकार से डॉलर की बारिश हुई। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के अनुसार उनकी संपत्ति एक ही दिन में 22 अरब डॉलर उछल कर 474 अरब डॉलर पर पहुंच गई। अब मस्क 500 अरब डॉलर के आंकड़े से केवल 26 अरब डॉलर दूर हैं। जिस प्रकार से उनकी कंपनी के शेयर ऊपर जा रहे हैं उससे तय है कि मस्क साल 2024 में ही 500 अरब डॉलर के मुकाम तक पहुंच जाएंगे। मंगलवार 24 दिसंबर को टेस्ला के शेयरों में आए 7.35 फीसदी उछाल से उनके शेयर में जबरदसत उछाल है। अमेजन के मालिक जेफ बेजोस की जीवन भर की कमाई के लगभग बराबर कमाई मस्क ने केवल साल 2024 में ही कर ली है। इस साल अब तक मस्क के नेटवर्थ में 245 अरब डॉलर की तेजी रही है। जबकि बेजोस का कुल नेटवर्थ 248 अरब डॉलर ही है। इस साल बेजोस ने भी 70.70 अरब डॉलर अपने नेटवर्थ में जोड़ चुके हैं। इस साल कमाई के मामले में मेटा के सीईओ मार्क जुकरबर्ग दूसरे नंबर पर हैं। इनका नेटवर्थ इस साल अबतक 86.8 अरब डॉलर बढ़कर 215 अरब डॉलर पर पहुंच गया है। टॉप-10 अरबपतियों में बर्नार्ड अर्नाल्ट ही एकमात्र ऐसे व्यक्ति हैं, जिन्हें इस साल सबसे अधिक नुकसान हुआ है। उन्होंने इस साल 31.8 अरब डॉलर गंवाए हैं और वह सूची में



सबसे नीचे हैं। वहीं गौतम अडानी और मुकेश अंबानी को नुकसान हुआ है। दोनों 100 अरब डॉलर क्लब से बाहर तो हुए ही हैं, साथ ही दुनिया के टॉप-15 अरबपतियों में भी इन्हें जगह नहीं मिली है।

# रिलायंस के जरिए भारतीय बाजार में प्रवेश कर रही चीन की ई-कॉमर्स कंपनी शीन




**मुंबई ।**

एप आधारित चीनी ई-कॉमर्स कंपनी शीन अब रिलायंस रिटेल में साझेदारी के जरिये भारतीय बाजार में प्रवेश कर रही है। ऑनलाइन प्लेटफॉर्म अजियो पर शीन ने अपने कपड़ों के ताजा कलेक्शन की टेस्टिंग और कैटलॉगिंग भी शुरू कर दी है।

रिलायंस इस ब्रांड को अपने अन्य प्लेटफॉर्म तक भी ले जाएगी। इससे भारतीय बाजार में रिलायंस की फास्ट-फैशन सेगमेंट में टाटा समूह के जुडियो और फ्लिपकार्ट के मिंत्रा के साथ प्रतिस्पर्धा और बढ़ेगी। वहीं उपभोक्ताओं को अधिक वैरायटी मिलेगी। सरकार ने साल 2020 में भारत-चीन सीमा विवाद को लेकर बढ़ते तनाव के बीच ही शीन सहित 50 चीनी एप पर प्रतिबंध लगा दिया था।

शीन की हालांकि भारतीय डेटा तक पहुंच नहीं रहेगी। वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि शीन का संचालन देश के एक स्वदेशी रिटेल प्लेटफॉर्म पर होगा। शीन उसक समय भारतीय बाजार में दोबारा प्रवेश कर रहा है, जब उसके राजस्व में कमी देखी गई है। इस साल की पहली छमाही शीन का राजस्व गत वर्ष के 40 फीसदी से घटकर 23 फीसीदी रह गया है। रेडसीर स्ट्रेटजी कंसल्टेंट्स के मुताबिक भारत में गत वित्त वर्ष में फास्ट फैशन सेगमेंट में 40 फीसदी बढ़त हुई है। ये कुल रिटेल सेगमेंट की 6 फीसदी ग्रोथ से 5 गुना है। 2031 तक यह बाजार 4.5 लाख करोड़ का होगा। शीन ने गत वर्ष 3.83 लाख करोड़ के कपड़े बेचे एप बेस्ड ई-कॉमर्स कंपनी शीन की 170 से अधिक देशों में मौजूदगी है। 5.3 करोड़ यूजर्स हैं।

# कम खर्च पर एयर प्यूरीफायर्स फार होम क्रय करने का है अच्छा अवसर

**मुंबई ।**

ग्राहक के पास कम खर्च पर एयर प्यूरीफायर्स फार होम अमेजन डील्स की मदद से खरीदने का अच्छा अवसर हैं। इनमें से कुछ प्यूरीफायर ऐसे हैं जो रियल टाइम कलर इंडिकेशन को दिखाते हैं और फिल्टर को चेंज करने का मैसेज भी आपको इनमें दिखने लगता है अगर वह खराब हो जाता है या फिर इसमें कोई कमी होती है।

इस पर 7 साल की वारंटी तो मिल ही रही है इसके साथ यह एक ऐसा प्यूरीफायर है जिसमें आपको सबसे लंबा और ज्यादा दिनों तक चलने वाला फिल्टर मिलता है। यह स्पेशल ट्रू हेपा फिल्टर वाला एयर प्यूरीफायर है जिसमें 99.99 प्रतिशत वायरस और छोटे-छोटे पॉल्यूटेंट आसानी से कैद कर लिए जाते हैं। यह एक ऐसी कंपनी का एयर प्यूरीफायर है जिसके बारे में आपको ज्यादा बताने की जरूरत नहीं पड़ेगी क्योंकि डेसन एयर प्यूरीफायर न केवल अपने नाम के लिए जाना जाता है बल्कि इससे साफ होकर निकलने वाली हवा अन्य प्यूरीफायर के मुकाबले ज्यादा साफ मानी जाती है। रिमोट कंट्रोल की मदद से आप इस एयर प्यूरीफायर को आराम से ऑपरेट कर सकते हैं। ब्रैंड की ओर से इस पर 2 साल की वारंटी भी दी जा रही है। 3 इन1 फिल्टर से लैस यह एयर प्यूरीफायर घर और ऑफिस दोनों के लिए बेस्ट बताया गया है।

इसमें प्री फिल्टर, एच13 का हेपा फिल्टर और एक्टिवेटेड कार्बन फिल्टर भी मिल जाएगा। 99.99 प्रतिशत पॉल्यूटेंट्स, अलर्जेस, पेट्स हेयर को बड़ी ही आसानी से ये एयर प्यूरीफायर दूर कर सकता है। इसमें स्मोक, डस्ट और पोलेंस को दूर करने की भी खासियत है। यह एयर प्यूरीफायर 22 स्क्वायर मीटर तक की कवरेज करके इतनी दूरी तक की हवा को साफ रख सकता है। व्हाइट कलर की बॉडी वाला यह एयर प्यूरीफायर्स फार होम अलर्जी के लिए बेस्ट बताया गया है। इसको आप बेडरूम में इस्तेमाल करने के लिए जरूर खरीद सकते हैं। इस एयर प्यूरीफायर में आपको टेक्नोलॉजी का ब्लेंड भी देखने को मिलता है। यह कमरे की गंदी बदबू को दूर करने के लिए इसमें लगे हुए ओडोर एलिमिनेटर्स की मदद से बदबूदार हवा को भी दूर भगा देता है।

यह एयर प्यूरीफायर 99.97 प्रतिशत डस्ट और स्मोक मोल्ड पोलेन को भी दूर करता है। 480 स्क्वायर फीट तक की कवरेज एरिया में हवा को साफ करने में सक्षम माने जाने वाले इस एयर प्यूरीफायर 360 डिग्री का रोटेशन मिलता है। यह 99.97 प्रतिशत डस्ट पार्टिकल्स को दूर कर सकता है।

# एयरटेल ने अक्टूबर 2024 में मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में सबसे अधिक वायरलेस ग्राहक जोड़े : ट्राई डेटा

**इन्दौर ।**

भारती एयरटेल (एयरटेल) ने अक्टूबर 2024 में मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ सर्कल में सबसे अधिक वायरलेस ग्राहक जोड़े। टेलीकॉम रेगुलेटरी अथॉरिटी ऑफ इंडिया द्वारा जारी किए गए नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, एयरटेल ने इस क्षेत्र में 214,381 वायरलेस सब्सक्राइबर जोड़े, जिससे इसके कुल सब्सक्राइबर की संख्या 16,408,516 हो गई है। जहां मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ सर्कल में एयरटेल अधिकतम सब्सक्राइबर जोड़ने वाला प्रमुख ऑपरेटर बना, वहीं इसके बाद सरकार द्वारा संचालित बीएसएनएल ने 32,303 सब्सक्राइबर जोड़े। अन्य निजी ऑपरेटरों जैसे वोडाफोन-आइडिया और रिलायंस जियो ने इसी अवधि में क्रमशः 347,436 और 721,481 वायरलेस सब्सक्राइबर गंवाए। पूरे देश में एयरटेल ने अक्टूबर 2024 में सभी टेलीकॉम सर्कल में कुल 19,28,263 वायरलेस सब्सक्राइबर जोड़े। इसके साथ ही, इसके कुल वायरलेस सब्सक्राइबर की संख्या 31 अक्टूबर 2024 तक 385,410,746 हो गई। यह वृद्धि एयरटेल की ग्राहक अधिग्रहण और बाजार विस्तार में निरंतर बढ़त को दर्शाती है। ट्राई रिपोर्ट के अनुसार एयरटेल के मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ सर्कल में 99.42 प्रतिशत के उच्चतम विजिटर लोकेशन रजिस्टर (वीएलआर) को भी दर्शाती है, जबकि इसके कुल वीएलआर प्रतिशत 99.48 प्रतिशत रहा, जो टेलीकॉम उद्योग में सबसे अधिक है। ये आँकड़े एयरटेल के उत्कृष्ट नेटवर्क और विश्वसनीयता को प्रमाणित करते हैं, जिससे यह एक विश्वसनीय टेलीकॉम सर्विस प्रोवाइडर के रूप में अपनी स्थिति और सुदृढ़ करता है। टेलीकॉम उद्योग में अक्टूबर 2024 के अंत तक वायरलेस सब्सक्राइबर की कुल संख्या में गिरावट देखी गई, जो सितंबर 2024 के अंत में 1153.72 मिलियन से घटकर 1150.42 मिलियन हो गई।

एयरटेल का बाजार हिस्सा 33.50 प्रतिशत रहा, जो चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में भी एयरटेल द्वारा ग्राहकों को आकर्षित और उन्हें अपने नेटवर्क पर बनाए रखने की क्षमता को प्रदर्शित करता है।

## क्रिसमस पर बुधवार को बंद रहा शेयर बाजार



मुंबई । भारतीय शेयर बाजार बुधवार को क्रिसमस के कारण बंद रहा। इस दौरान नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) और बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) में कोई कारोबार नहीं होगा। वहीं, मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) और नेशनल कमोडिटी एक्सचेंज (एनसीडीईएक्स) में भी छुट्टी रही। आज बाजार में इस साल की आखिरी छुट्टी है। इससे पहले 15 नवंबर को गुरु नानक जयंती की छुट्टी के चलते बाजार बंद था। वहीं गत दिवस बाजार गिरावट पर बंद हुआ था। 24 दिसंबर को सेंसेक्स 67 अंक की गिरावट के साथ 78,472 के स्तर पर बंद हुआ था। निफ्टी भी 25 अंक गिरा, ये 23,727 के स्तर पर बंद हुआ था। वहीं, बीएसई स्मॉलकैप 205 अंक की तेजी के साथ 55,023 के स्तर पर बंद हुआ था।




## 31 दिसंबर को खुलेगा इंडो फार्म इक्विपमेंट का आईपीओ, 14,835 का करना होगा निवेश

**मुंबई।** इंडो फार्म इक्विपमेंट लिमिटेड का इनिशियल पब्लिक ऑफर (आईपीओ) 31 दिसंबर को खलेगा। निवेशक इसके लिए 2 जनवरी तक बिडिंग (बोली) लगा सकते हैं। 7 जनवरी को कंपनी के शेयर बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) पर लिस्ट होंगे। क्रिसमस के चलते आज शेयर बाजार बंद है। इस आईपीओ के जरिए कंपनी टोटल 260.15 करोड़ रुपए जुटाना चाहती है। इसके लिए कंपनी 184.90 करोड़ रुपए के 86,00,000 फ्रेश शेयर इश्यू कर रही है। वहीं, इंडो फार्म इक्विपमेंट के मौजूदा निवेशक 75.25 करोड़ रुपए के 35,00,000 शेयर बेच रहे हैं। इंडो फार्म इक्विपमेंट लिमिटेड ने आईपीओ का प्राइस बैंड 204-215 रुपए तय किया है। रिटेल निवेशक मिनिमम एक लॉट यानी 69 शेयर्स के लिए बिडिंग कर सकते हैं। यदि आईपीओ के अपर प्राइज बैंड 215 के हिसाब से 1 लॉट के लिए अप्लाय किया जाता है तो इसके लिए 14,835 इन्वेस्ट करने होंगे। वहीं, मैक्सिमम 13 लॉट यानी 897 शेयर्स के लिए रिटेल निवेशक अप्लाय कर सकते हैं। इसके लिए निवेशकों को अपर प्राइज बैंड के हिसाब से 1,92,855 इन्वेस्ट करने होंगे।

## आकाश के स्पार्कल को जोमैटो और जेरोधा से मिली सहायता

**(एजेंसी)**

आकाश एजुकेशनल सर्विसेज के प्रमोटर आकाश चौधरी को अपने नए वेंचर स्पार्कल एडवेंचर के लिए जोमैटो के दीपिंदर गोयल और जेरोधा के नितिन कामथ से सहायता मिली है। एक रिपोर्ट के अनुसार कामथ का रेनमैटर फंड, जो फिनटेक और सस्टेनबिलिटी पर अपने फोकस के लिए जाना जाता है, गोयल के साथ 4 मिलियन डॉलर के सीड फंडिंग राउंड में भाग ले रहा है। एडिशनल मार्की निवेशकों के भी इस राउंड में शामिल होने की उम्मीद है। आकाश ने इस साल अक्टूबर में मेरिटनेशन डॉट कॉम के संस्थापकों पवन चौहान और रितेश हेमराजानी के साथ साझेदारी में स्पार्कल लॉन्च किया। मेरिटनेशन, एक एडटेक प्लेटफॉर्म है, जिसे चौधरी के फैमिली बिजनेस, आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड ने साल 2020 में अधिग्रहित किया था। यह इस सहयोग का एक महत्वपूर्ण हिस्सा था। यह वेंचर 2021 में एईएसएल की बायजू को 950 मिलियन डॉलर की ऐतिहासिक बिक्री के बाद है, जो भारत के सबसे बड़े एडटेक सौदों में से एक है। चौधरी के पास एईएसएल में 11 फीसदी की हिस्सेदारी है। स्पार्कल का लक्ष्य 6 से 12वीं कक्षा के छात्रों को ऑनलाइन ट्यूशन देना है, जिसमें इंटरनेशनल बैकलॉरिएट (आईबी) और कैम्ब्रिज पाठ्यक्रम पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा।

**विस्तार करने की योजना**

अब अपनी तकनीकी क्षमताओं का लाभ उठाकर आगे विस्तार करने की योजना बना रहा है। एक सूत्र ने कहा, प्लेटफॉर्म को शुरू में 2025 में लॉन्च करने की योजना थी, लेकिन तय समय से पहले उत्पाद तैयार होने के कारण, समयसीमा को तेजी से आगे बढ़ाया गया। सीड फंडिंग से स्पार्कल के रोलआउट में तेजी आने की उम्मीद है।

## ट्रायम्फ ने किया स्पीड ट्विन 900 का अपडेटेड वर्जन भारत में लॉन्च

**नई दिल्ली।** ट्रायम्फ मोटरसाइकिल इंडिया ने अपनी पॉपुलर मॉडर्न क्लासिक बाइक, स्पीड ट्विन 900, का अपडेटेड वर्जन भारतीय बाजार में लॉन्च किया है। यह बाइक 8.89 लाख एक्स-शोरूम की कीमत पर उपलब्ध होगी, जो पिछले मॉडल की तुलना में 40 हजार ज्यादा है। बाइक में ब्लूटूथ कनेक्टिविटी के साथ नेविगेशन, कॉल और म्यूजिक कंट्रोल जैसे स्मार्ट फीचर्स जोड़े गए हैं। इसके अलावा डिजाइन में छोटे लेकिन आकर्षक बदलाव किए हैं। इंजन में कोई तकनीकी बदलाव नहीं किए गए हैं। 2025 स्पीड ट्विन 900 को तीन नए डुअल-टोन कलर ऑप्शन में पेश किया गया है। इस बाइक में वही 900 सीसी का पावरफुल इंजन मिलता है, जो पहले से ही परफॉर्मेंस के लिए मशहूर है। इसका क्लासिक लुक और मॉडर्न टेक्नोलॉजी का मेल इसे खास बनाता है।

## ई-कॉमर्स में उभर रही चुनौतियों से निपटने नए ऐप लॉन्च

**नई दिल्ली ।** उपभोक्ता मामलों के विभाग ने उपभोक्ता संरक्षण को बढ़ावा देने और भ्रामक ऑनलाइन प्रथाओं से निपटने के लिए नए ऐप लॉन्च किए। ये ऐप डिजिटल उपभोक्ताओं को सशक्त बनाने और ई-कॉमर्स में उभर रही चुनौतियों से निपटेंगे। ये नए उपाय सरकार की उपभोक्ता सशक्तिकरण और डिजिटल परिवर्तन के प्रति प्रतिबद्धता दिखाते हैं। इन ऐप के माध्यम से केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण की क्षमता काफी बढ़ जाएगी और उसे डार्क पैटर्न्स के खिलाफ स्वतः संज्ञान लेकर ग्राहकों की रक्षा करने में सहायता मिलेगी। जागो ग्राहक जागो ऐप उपभोक्ता की ऑनलाइन गतिविधियों के दौरान सभी यूआरएल के बारे में आवश्यक ई-कॉमर्स जानकारी प्रदान करता है और उन्हें सचेत करता है कि कोई यूआरएल असुरक्षित हो सकता है और सावधानी बरतने की आवश्यकता है। वहीं, जागृति ऐप यूजर्स को उन यूआरएल की रिपोर्ट करने में मदद करता है, जहां उन्हें उन एक या अधिक डार्क पैटर्न की उपस्थिति का संदेह है, जिन्हें अवैध घोषित किया गया है। जागो ग्राहक जागो ऐप उपभोक्ताओं को ई-कॉमर्स प्लेटफार्मों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान करता है, जिससे वे संभावित असुरक्षित वेबसाइटों की पहचान कर सकते हैं। यह ऐप ऑनलाइन खरीदारी के जोखिमों के प्रति सतर्क करता है, उपभोक्ताओं को जागरूकता बढ़ाने और सूचित निर्णय लेने में मदद करता है। जागो ग्राहक जागो ऐप किसी उपभोक्ता की ऑनलाइन एक्टिविटीज के दौरान के सभी यूआरएल यानी लिंक के बारे में ई-कॉमर्स से जुड़ी जानकारी देता है और अगर कोई यूआरएल असुरक्षित लगे तो उपभोक्ता को चेतावनी जारी करता है। वहीं, जागृति ऐप से यूजर को यह सहूलित मिलेगी कि अगर उसे लगे कि किसी यूआरएल के साथ कोई अवैध डार्क पैटर्न होने का शक है तो वह इसकी रिपोर्ट इस ऐप के जरिए दे सकेगा। ऐसी रिपोर्ट को सीसीपीए शिकायत के रूप में दर्ज करेगा और कार्रवाई करेगा।

# बजट 2025 में कस्टम ड्यूटी छूट खत्म करने पर विचार कर रहा वित्त मंत्रालय!

**(एजेंसी)**




वित्त मंत्रालय बजट 2025 में कई आयातित सामानों पर कस्टम ड्यूटी छूट खत्म करने पर विचार कर रहा है। यह कदम 'मेक इन इंडिया' पहल के तहत देश में उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए उठाया जा रहा है। जिन सामानों पर यह छूट खत्म हो सकती है, उनमें इंसुलिन बनाने के लिए इस्तेमाल होने वाले बल्क ड्रग्स, लैब में बने डायमंड के लिए कच्चा माल, ऑप्टिकल फाइबर बनाने के लिए प्लास्टिक, एलईडी और एलसीडी टीवी के पैनल पार्ट्स और कोयला खनन व बिजली उत्पादन के उपकरण शामिल हैं। इसके अलावा, सरकार जीवन रक्षक दवाओं, टेलीकॉम ऑप्टिकल फाइबर के लिए जरूरी केमिकल और नवीकरणीय ऊर्जा व परिवहन क्षेत्र में इस्तेमाल होने वाले सामानों की भी समीक्षा कर रही है। अभी इन सामानों पर 0–5त्न की रियायती दर से कस्टम ड्यूटी लगती है। यह छूट सितंबर 2025 तक वैध है। सरकार इन छूटों को हटाने से पहले यह देख रही है कि देश में इन सामानों का उत्पादन और निवेश क्षमता कितनी है। इस पर उद्योगों से सुझाव भी मांगे गए हैं, ताकि फैसला लिया जा सके कि यह छूट जारी रखनी चाहिए या खत्म करनी चाहिए। यह फैसला आयात पर निर्भरता कम करने और देश में उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए किया जा रहा है। इससे पहले के बजट में स्टील और तांबे की उत्पादन लागत घटाने के लिए कुछ कच्चे माल पर शुल्क हटाया गया था। मेडिकल डिवाइस बनाने के लिए भी कुछ सामानों पर कस्टम ड्यूटी कम की गई थी। अमेरिका के साथ व्यापारिक रिश्तों और बदलते वैश्विक माहौल का भी इस समीक्षा पर असर पड़ रहा है। सरकार का यह कदम न केवल घरेलू उत्पादन को मजबूत करेगा, बल्कि जरूरी क्षेत्रों को सुरक्षा भी देगा।

# कंपनियां करें कॉलिंग-एमएसएस पर फोकस, सस्ते रिचार्ज का मिलेगा ऑप्शन

### ट्राई ने जियो, एयरटेल, वोडाफोन आइडिया और बीएसएनएल को दिया आदेश

**नई दिल्ली।**




जियो, एयरटेल, वोडाफोन आइडिया और बीएसएनएल यूजर्स को जल्द ही सस्ते रिचार्ज का ऑप्शन मिल सकता है। टेलीकॉम रेगुलेटरी अथॉरिटी ऑफ इंडिया (ट्राई) ने सभी टेलीकॉम ऑपरेटर्स से कंज्यूमर्स के लिए कॉलिंग और एमएसएस फोकस प्लान्स लॉन्च करने के लिए कहा है, जिसमें वैलिडिटी भी मिलती हो। टेलीकॉम ऑपरेटर्स के पोर्टफोलियो पर नजर डालें तो इसमें सभी प्लान्स डेटा पर फोकस्ड मिलते हैं यानी इसमें कॉलिंग, एसएमएस और डेटा तीनों मिलता है। ऐसे में कई यूजर्स जिन्हें डेटा नहीं चाहिए होता है, उन्हें भी डेटा के लिए भुगतान करना पड़ता है। इस तरह का प्लान ना होने की वजह से जियो, एयरटेल और वोडाफोन आइडिया के यूजर्स को अपना सिम एक्टिव रखने के लिए हर महीने करीब 200 रुपए खर्च करने होते हैं। वहीं कुछ ऐसे यूजर्स भी हैं, जिन्हें लॉन्ग टर्म प्लान्स चाहिए होता है। आपको ऐसा लॉन्ग टर्म प्लान नहीं मिलेगा, जो सिर्फ कॉलिंग और एसएमएस पर फोकस्ड करता हो।

ट्राई ने 23 दिसंबर को जारी अपने आदेश में कहा कि टेलीकॉम सर्विस प्रोवाइडर्स को ऐसे एसटीवी जारी करने होंगे, जो सिर्फ वॉयस कॉलिंग और एसएमएस की सुविधा के साथ आते हों, जिससे कंज्यूमर्स सिर्फ उस सर्विस के लिए ही भुगतान करें, जो वह यूज करते हैं। इसका टेलीकॉम कंपनियों के कारोबार पर बड़ा असर पड़ेगा। ट्राई ने पहले भी इस पर कंपनियों से सुझाव मांगा था, जिसमें टेलीकॉम कंपनियों ने इसका विरोध किया था। कंपनियों का कहना था कि इस तरह के किसी नए प्लान की जरूरत नहीं है। कंज्यूमर्स के लिए ऐसे प्लान्स पहले से ही मौजूद हैं। बता दें कि टेलीकॉम कंपनियों ने कुछ साल पहले ही लाइफटाइम फ्री इनकमिंग की सुविधा खत्म कर दी है। इसके बाद ग्राहकों को अपना सिम कार्ड एक्टिव रखने के लिए हर महीने मिनिमम रिचार्ज करना होता है। वहीं इस साल जुलाई में टेलीकॉम कंपनियों ने अपने रिचार्ज प्लान्स की कीमतों में भी वृद्धि की है। इसकी वजह से कंज्यूमर्स को करीब 200 रुपए हर महीने सिर्फ सिम एक्टिव रखने के लिए खर्च करने होते हैं। वहीं सभी प्लान्स में डेटा दिया जाता है। ऐसे में जिन यूजर्स को डेटा की जरूरत नहीं होती है, उन्हें भी इस सर्विस के लिए भुगतान करना पड़ता है। वहीं बीएसएनएल में 30 दिनों का प्लान 147 रुपए का आता है, जिसमें यूजर्स को कॉलिंग और एसएमएस के साथ 10जीबी डेटा मिलता है। ऐसे यूजर्स जिन्हें इस डेटा की जरूरत नहीं है, उन्हें भी इसके लिए भुगतान करना होता है।

## एफएमसीजी उद्योग पर महंगाई का असर जारी : रिपोर्ट

**नई दिल्ली:**

मुद्रास्फीति के दबाव के बीच बढ़ती मंदी से इस साल अगस्त-अक्टूबर में दैनिक उपभोग की वस्तुओं के (एफएमसीजी) उद्योग की मात्रा वृद्धि सालाना आधार पर 6.4 प्रतिशत से घटकर 4.3 प्रतिशत रह गई है। शोध एवं अंतर्दृष्टि कंपनी कांतार ने अपनी नवीनतम 'एफएमसीजी पल्स' रिपोर्ट में कहा, इसके अलावा मई-जुलाई की अवधि में एफएमसीजी मात्रा की वृद्धि भी क्रमिक रूप से कम 4.5 प्रतिशत रही। रपोर्ट के अनुसार, ''हम आखिरी तिमाही में हैं और अक्टूबर को समाप्त तिमाही तक एफएमसीजी की वृद्धि 4.3 प्रतिशत रही, पिछले वर्ष समान अवधि में वृद्धि 6.4 प्रतिशत रही थी। हालांकि मई-जुलाई की तिमाही की तुलना में इसमें मामूली बढ़त दर्ज की गई जब वृद्धि 4.5 प्रतिशत रही थी। मुद्रास्फीति के बारे में रिपोर्ट में कहा गया, 2022 की अगस्त-अक्टूबर अवधि में पहली बार प्रति परिवार औसत तिमाही खर्च 6,000 रुपए को पार कर गया था और तब से दो साल बाद खर्च में 13 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। 2024 में इस तिमाही में यह 6,761 रुपए रहा। ग्रामीण बाजार के बारे में कांतार ने कहा, यह भी चार प्रतिशत की वृद्धि के साथ ''कमजोर प्रदर्शन'' कर रहा है, जो अगस्त-अक्टूबर की अवधि में शहरी बाजार की 4.5 प्रतिशत की वृद्धि से भी कम है।

# शास्त्री ने बॉक्सिंग डे टेस्ट से पहले की भविष्यवाणी, इस टीम पर लगाया जीत का दाव



**मेलबर्न (ऑस्ट्रेलिया) (एजेंसी)।** मेलबर्न में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चौथे टेस्ट से पहले पूर्व भारतीय ऑलराउंडर और मुख्य कोच रवि शास्त्री ने भविष्यवाणी की कि भारत मैच जीतेगा। उन्होंने कहा कि मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (MCG) में बॉक्सिंग डे टेस्ट का पहला दिन तय करेगा कि श्रृंखला किस दिशा में जाएगी। श्रृंखला 1-1 से बराबर होने के साथ दोनों पक्ष आईसीसी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल के लिए एक महत्वपूर्ण श्रृंखला बढ़त हासिल करने के इरादे से बहुप्रतीक्षित बॉक्सिंग डे टेस्ट खेलेंगे।

शास्त्री ने एक न्यूज वेबसाइट से बातचीत में कहा, 'जिस तरह से यह श्रृंखला आगे बढ़ रही है, मुझे लगता है कि भारत इस श्रृंखला को जीत लेगा। टीम 1-1 से बराबरी पर है, खासकर जब खेल पर्थ, एडिलेड और ब्रिस्बेन में हो गए हैं, तो वे इसे जीत लेंगे। बॉक्सिंग डे में 1-1 से आगे बढ़ना सबसे अच्छी स्थिति है। मैं कहूंगा कि भारत आगे है।'

शास्त्री ने कहा कि भारत यहां जीतने के लिए आया है, न कि संख्या बढ़ाने के लिए। उन्होंने कहा कि ऑस्ट्रेलिया में जीतने के लिए एक टीम के पास अच्छी तरह से सोची-समझी योजना और तरीके होने चाहिए और केवल प्रतिस्पर्धा करने से मदद नहीं मिलती।

उन्होंने कहा, 'जब मैं कोच था, तब भी हमारा मंत्र बहुत कठिन, निष्पक्ष खेलना और जीतना था। आपको ऑस्ट्रेलिया को हराने के लिए एक तरीका सोचना होगा, न कि केवल प्रतिस्पर्धा करना। आपको ठीक से योजना बनानी होगी, कि अपने 20 विकेट कैसे लें। भारत ने ऐसा किया है और बहुत आक्रामक रहा है। वे ऑस्ट्रेलिया का सामना कर चुके हैं और जितना हो सके उतना अच्छा प्रदर्शन किया है। यह मनोरंजक और उत्साहपूर्ण रहा है। भारत आगे है। मुझे लगता है कि बॉक्सिंग डे टेस्ट का पहला दिन तय करेगा कि सीरीज किस तरफ जाएगी।'

**ऑस्ट्रेलियाई प्लेइंग 11 =** उस्मान ख्वाजा, सैम कोनस्टास, मार्नस लाबुस्चगने, स्टीव स्मिथ, ट्रैविस हेड, मिच मार्श, एलेक्स कैरी (विकेटकीपर), पैट कमिंस (कप्तान), मिशेल स्टार्क, नाथन लियोन, स्कॉट बोलैंड

**भारतीय टीम =** रोहित शर्मा (कप्तान), जसप्रित बुमरा (वीसी), यशस्वी जयसवाल, अभिमन्यु ईश्वरन, शुबमन गिल, विराट कोहली, केएल राहुल, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), सरफराज खान, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), रवींद्र जड़ेजा, मो. सिराज, आकाश दीप, प्रसिद्ध कृष्णा, हर्षित राणा, नितीश कुमार रेड्डी, वाशिंगटन सुंदर, देवदत्त पडिक्कल, तनुश कोटियन।

# बुमराह आईसीसी रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचे



**दुबई (एजेंसी)।** आईसीसी की ताजा टेस्ट गेंदबाजी रैंकिंग में भारतीय क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह 904 रेटिंग अंकों के साथ ही शीर्ष पर पहुंच गये हैं। बुमराह ने ने बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी में अब तक कुल 21 विकेट लिए हैं और इसके कारण ही वह नंबर एक स्थान पर पहुंच गये हैं। उनके दूसरे स्थान पर चल रहे प्रतियोगी से 48 रेटिंग अंक अधिक हैं।


वहीं दक्षिण अफ्रीका के कगिसो रबाडा 856 रेटिंग अंक लेकर दूसरे जबकि ऑस्ट्रेलिया के जॉश हेजलवुड 852 रेटिंग अंक के साथ तीसरे स्थान पर हैं। पैट कमिंस 822 रेटिंग अंक के साथ चौथे, आर अश्विन 789 रेटिंग के साथ पांचवें स्थान पर है। इसके अलावा मैट हैनरी (782) छठे, नाथन लायन (770) सातवें, प्रभात जयसूर्या (768) आठवें , नोमान अली (759) नौवें और रवींद्र जडेजा (755) रेटिंग अंक के साथ दसवें स्थान पर है।

मोहम्मद सिराज एक स्थान के फायदे के साथ 24वें पायदान पर पहुंच गए हैं। जबकि बल्लेबाजी रैंकिंग में ट्रैविस हेड भारत के यशस्वी जायसवाल को छाड़ते हुए बल्लेबाजी चौथे स्थान पर पहुंच गए हैं। बल्लेबाजी रैंकिंग में नंबर एक स्थान पर इंग्लैंड के जो रूट हैं। ऑस्ट्रेलिया के स्टीव स्मिथ भी शीर्ष 10 में शामिल हैं। स्मिथ ने पिछले मैच में 101 रनों की पारी खेली थी। जबकि 70 और 20 नाबाद रनों की पारी खेलने वाले ऐलेक्स कैरी 11 पायदान की छलांग के साथ 29वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

# शैली में बदलाव के कारण रन नहीं बना पा रहे शुभमन : पोंटिंग

**–रक्षात्मक तकनीक को बेहतर बनायें**

**मेलबर्न (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के युवा बल्लेबाज शुभमन गिल अभी तक अपने इस ऑस्ट्रेलिया दौरे पर रन बनाने में विफल रहे हैं। जिसके बाद से ही उनपर बड़ी पारी खेलने का दबाव है। इसी को लेकर ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग ने कहा है कि शुभमन ने अपनी बल्लेबाजी शैली में पिछले कुछ समय में बदलाव किये हैं, इसलिए लिए वह विदेश दौरों पर असफल हो रहे हैं। उन्हें इससे उबरने अपना आत्मविश्वास बनाये रखना होगा इसके अलावा अपनी रक्षात्मक तकनीक को भी बेहतर करना होगा। गिल अंगूठे की चोट के कारण बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी में पहला टेस्ट नहीं खेल सके थे। वहीं एडीलेड में दूसरे टेस्ट में वह अच्छी शुरूआत को बड़ी पारियों में नहीं बदल सके। ब्रिसबेन में तीसरे टेस्ट में भी वह पहली पारी में रन नहीं बना पाये।



पोंटिंग ने कहा, 'मुझे उसे खेलते देखना पसंद है। जब आप उसे अच्छी बल्लेबाजी करते देखें तो उसका कोई जवाब नहीं है पर विदेश में उसका प्रदर्शन वैसा नहीं रहा है। पोंटिंग ने कहा कि एडीलेड में दूसरे टेस्ट में उन्होंने इस युवा बल्लेबाज की तकनीक में काफी बदलाव देखे जिससे उनसे रन नहीं आ रहे हैं। उन्होंने कहा, 'मैने एडीलेड में उसे बल्लेबाजी करते देखा और लगा कि उसने काफी बदलाव कर लिया है। स्कॉट बोलैंड गेंदबाजी कर रहा था और उसने ऑफ स्टम्प पर पड़ती गेंद पर फ्रंट पैड आगे कर विकेट गंवा दिया।

पोंटिंग ने कहा कि शैली में बदलाव करने की जगह शुभमन को अपने आप पर भरोसा करके बल्लेबाजी में सुधार करना चाहिए था। उन्होंने कहा, 'उसे अपनी रक्षात्मक तकनीक को और बेहतर करना होगा जिससे ऑस्ट्रेलिया में वह रन बना सके। उसने अपने देश में या दुनिया में हर जगह आक्रामक होकर रन बनाए हैं। वह आउट होने के बारे में नहीं बल्कि रन बनाने के बारे में ही सोचता आया है। उसे उसी मानसिकता के साथ यहां भी खेलना चाहिये।

# पिछली यादगार जीत को दोहराने मेलबर्न उतरेगी भारतीय टीम

**मेलबर्न (एजेंसी)।** आज से शुरु होने जा रहे चौथे टेस्ट मैच में भारतीय टीम में पिछली बार वर्ष 2020-21 बॉर्डर-गावस्कर सीरीज में इसी मैदान पर मिली जीत के दोहराने के इरादे से उतरेगी। भारतीय प्रबंधन को इस टेस्ट में जीत दर्ज करने के लिए चुनौतीपूर्ण निर्णय लेने होंगे।

सीरीज के पिछले तीन मुकाबलों में देखा गया है कि भारतीय टीम शीर्षक्रम बल्लेबाजी को लेकर असमंजस की स्थिति रही। अब तक देखा गया है कि फॉर्म में चल रहे बल्लेबाज ने इस सीरीज में बेहतरीन प्रदर्शन किया है, लेकिन खराब फॉर्म से जूझ रहे कप्तान रोहित शर्मा ने भारत के बल्लेबाजी क्रम को बिगाड़ दिया है। इस बॉक्सिंग डे टेस्ट में दो क्रिकेट दिग्गज रोहित शर्मा ,केएल राहुल के चरित्र, धैर्य और दृढ़ संकल्प की परीक्षा होगी। भारत अभी भी बुमराह के पर्याप्त समर्थन और खराब फॉर्म में चल रहे शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों से काफी अपेक्षा कर रहा है। बल्लेबाजी क्रम में खिलाड़ियों को बदलने के मामले में भारत के पास अधिक विकल्प नहीं हैं। इसलिए वे उम्मीद करेंगे कि कोई के एल राहुल का साथ दे और उनके साथ घंटों बल्लेबाजी कर सके।

अगर भारतीय टीम यह टेस्ट हारती है तो डब्ल्यूटीसी के फाइनल में पहुंचने के लिए उन्हें अन्य मैचों के परिणाम पर निर्भर रहना होगा। साथ ही एक दशक के बाद ऐसा होगा, जब ऑस्ट्रेलिया भारत के खिलाफ कोई टेस्ट श्रृंखला जीतने के बेहद करीब होगा। वहीं अगर भारत को जीत मिलती है तो वे बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी को रिटेन कर लेंगे।

भारत के पूर्व दिग्गज क्रिकेटर सुनील गावस्कर ने केएल राहुल को छठे नंबर पर बल्लेबाजी करने का सुझाव



दिया है। यह उन्हें पारी की शुरुआत में नई गेंद से बचायेगा और उन्हें दूसरी नई गेंद के खिलाफ मजबूती से खड़े हो सकेंगे। हालांकि इस रणनीति के अपने फायदे हैं, लेकिन इससे राहुल की लय को बिगाड़ने का भी जोखिम है, विशेषकर सलामी बल्लेबाज के रूप में उनकी सफलता को देखते हुए।

रोहित का शीर्ष पर स्थान अभी सुरक्षित लगता है, भले ही वह रन नहीं बना रहे हों। अगर राहुल नीचे आते हैं तो मध्यक्रम की गतिशीलता में काफी बदलाव आएगा। देखना होगा कि शुभमन गिल एकादश में अपना स्थान बरकरार रख पाते है या ध्रुव जुरेल को मौका मिलेगा।

जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज की अगुवाई में भारत के गेंदबाजी आक्रमण को अपनी चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। इस मैदान की सतह पारंपरिक रूप से तेज गेंदबाजों के अनुकूल है, लेकिन 40 डिग्री सेल्सियस के चिलचिलाती गर्मी के पूर्वानुमान के कारण भारत को दूसरा स्पिनर शामिल करना होगा।

दूसरी ओर ऑस्ट्रेलिया भी शीर्षक्रम की बल्लेबाजी को लेकर परेशान है। ऑस्ट्रेलिया ने जसप्रीत बुमराह का मुकाबला करने के लिए अपनी सलामी जोड़ी में बदलाव करना पड़ा है। इसके लिए ऑस्ट्रेलिया ने टीम में सैम कॉन्स्टास को जगह दी है। गेंदबाजी में पैट कमिंस और मिशेल स्टार्क की जोड़ी किसी भी बल्लेबाजी क्रम को ध्वस्त करने में सक्षम है। पूरी तरह से फिट और खेलने के लिए तैयार ट्रैविस हेड की वापसी से मध्य क्रम को मजबूती मिली है। स्टार्क और स्कॉट बोलैंड से इस पिच की उछाल पर बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद है।

मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में भारत का दिलचस्प इतिहास रहा है इस जगह हाल के वर्षों में कई यादगार भारतीय जीत देखी हैं, जिसमें प्रतिष्ठित 2020-21 बॉर्डर-गावस्कर सीरीज के दौरान उनकी जीत भी शामिल है। भारत को इस मुकाबले में जीत दर्ज करने के लिए बल्ले और गेंद दोनों से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा।

### टीम

**भारत :** यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल, शुभमन गिल, विराट कोहली, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), रोहित शर्मा (कप्तान), रवींद्र जडेजा, नीतीश कुमार रेड्डी/वॉशिंगटन सुंदर, आकाश दीप, जसप्रीत बुमराह, और मोहम्मद सिराज।

**ऑस्ट्रेलिया:** उस्मान ख्वाजा, सैम कॉन्स्टास, मार्नस लाबुशेन, स्टीवन स्मिथ, ट्रैविस हेड, मिचेल मार्श, ऐलेक्स कैरी (विकेटकीपर), पैट कमिंस (कप्तान), मिचेल स्टार्क, नाथन लायन और स्कॉट बोलैंड

# चैम्पियंस ट्रॉफी के लिए दक्षिण अफ्रीका दौरे से बाहर रहेंगे शाहीन अफरीदी

कराची। पाकिस्तान के स्टार तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी आगामी आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी के पहले पूरी तरह से तरोताजा होना चाहते हैं। इसी को देखते हुए शाहीन टेस्ट सीरीज के लिए दक्षिण अफ्रीका दौरे पर नहीं जाना चाहते हैं। शाहीन ने टीम प्रबंधन और चयन समिति से कहा है कि दक्षिण अफ्रीका दौरे के लिए उन्हें शामिल नहीं किया जाये। अफरीदी फरवरी मार्च में होने वाली आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी के लिये पूरी तरह फिट होना चाहते हैं। वहीं पाक टीम को दक्षिण अफ्रीका दौर में दो टेस्ट मैच खेलने हैं। ऐसे में शाहीन के नहीं होने से उसे परेशानी होगी पर मुख्य चयनकर्ता आकिब जावेद ने कहा कि चैम्पियंस ट्रॉफी के लिये उन्हें तरोताजा रखने की कवायद में आराम दिया जा सकता है। शाहीन ने टीम प्रबंधन और बोर्ड को बताया कि उन्हें बांग्लादेश प्रीमियर लीग की एक टीम से पेशकश भी मिली है और उन्होंने आश्वस्त किया है कि वह 30 दिसंबर से सात फरवरी तक होने वाली टी20 लीग के दौरान कार्यभार प्रबंधन कर लेंगे।



# बॉक्सिंग डे टेस्ट में राहुल बना सकते हैं रिकार्ड



मेलबर्न । भारतीय क्रिकेट टीम के बल्लेज केएल राहुल मेजबान ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ गुरुवार से यहां होने वाले एक चौथे क्रिकेट टेस्ट मैच में अगर शतक लग देते हैं तो एक अहम उपलब्धि अपने नाम कर लेंगे। राहुल ने अब तक तीन मैचों में भारत की ओर से सबसे ज्यादा 235 रन बनाए हैं हालांकि इस दौरान वह कोई शतक नहीं लगा पाये। अब भारत को चौथा टेस्ट मैच मेलबर्न में खेला है और यहां पर केएल राहुल से भी अच्छी पारी की उम्मीद सबको है। वहीं अगर इस टेस्ट मैच में राहुल शतक लगा देते हैं तो वो बॉक्सिंग डे टेस्ट मैच में भारत की तरफ से सबसे ज्यादा शतक लागने वाले बल्लेबाज बन जाएंगे।


बॉक्सिंग डे टेस्ट में अब तक सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले बल्लेबाजों की सूची में केएल राहुल सचिन तेंदुलकर और अंजिक्य रहाणे के साथ संयुक्त रूप से पहले नंबर पर हैं। तेंदुलकर और रहाणे ने भारत के लिए बॉक्सिंग डे टेस्ट मैच में दो-दो शतक लगाए थे। और राहुल के नाम भी दो शतक दर्ज हैं। अब मेलबर्न में अगर राहुल शतक लगा देते हैं तो वो भारत की तरफ से बॉक्सिंग डे टेस्ट मैच में सबसे ज्यादा शतक बनाने वाले खिलाड़ी बन सकते हैं।

# डब्ल्यूटीसी फाइनल में पहुंचने भारतीय टीम को ऑस्ट्रेलिया से जीतने होंगे दोनो मैच

**मुम्बई (एजेंसी)।** अगामी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल में कौन सी चार टीमें पहुंचेंगी। ये अभी तक तय नहीं हुआ है। फाइनल की रेस में भारत, ऑस्ट्रेलिया दक्षिण अफ्रीका और श्रीलंका जैसी टीमें हैं। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीद अभी दो टेस्ट मैच होने हैं और भारतीय टीम को अगर सीधे फाइनल में जगह बनानी है तो इन दोनो को ही जीतना होगा।

अभी डब्ल्यूटीसी अंकतालिका में दक्षिण अफ्रीका पहले नंबर पर है। दक्षिण अफ्रीका के 10 मैचों में से 6 जीत, तीन हार और एक ड्रॉ से 76 अंक हैं। उसका अंक प्रतिशत 63.33 है। वहीं ऑस्ट्रेलियाई टीम दूसरे स्थान पर है। ऑस्ट्रेलिया के 15 मैचों में 9 जीत, चार हार और 2 ड्रॉ से 106 अंक हैं। उसका अंक प्रतिशत 58.89 है। तीसरे नंबर पर मौजूदा भारत के 17 मैचों में 9 जीत, 6 हार और 2 ड्रॉ से 114 अंक हैं। भारत का अंकों का प्रतिशत 55.88 है। भारतीय टीम को अभी दो मैच ऑस्ट्रेलिया से खेलने हैं।

उधर श्रीलंकाई टीम पांचवें नंबर पर है पर उसके भी फाइनल में पहुंचने की संभावनाएं कम हैं। श्रीलंकाई टीम के 45.45 प्रतिशत अंक हैं और वह अधिकतम 53.85 प्रतिशत अंकों तक पहुंच सकती है। 48.21 प्रतिशत अंकों के साथ चौथे नंबर पर न्यूजीलैंड की टीम है, जो रेस से बाहर हो चुकी है। इंग्लैंड छठे, पाकिस्तान सातवें, बांग्लादेश आठवें और वेस्टइंडीज नौवें स्थान पर है।




**भारतीय टीम के लिए ये है फाइनल का समीकरण**

भारतीय टीम को आसानी से फाइनल में पहुंचने के लिए ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दोनों टेस्ट जीतने होंगे। यदि भारतीय टीम एक भी मुकाबला ड्रॉ कराती है या हारती है तो उसे दूसरे परिणामों पर निर्भर रहना होगा। यदि भारतीय टीम सीरीज को 2-1 से जीतती है, तो उसे उम्मीद करनी होगी कि श्रीलंका ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दो मैचों की घरेलू सीरीज में कम से कम एक मैच को ड्रॉ करा ले। या फिर दक्षिण अफ्रीकी टीम पाकिस्तान के खिलाफ सीरीज हार जाए।

यदि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज 2-2 से ड्रॉ होती है, तो भारत 55.26 प्रतिशत अंकों पर समाप्त होगा। ऐसे में भारतीय टीम तभी फाइनल में पहुंचेगी जब श्रीलंका अपने घर पर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट सीरीज में 1-0 या 2-0 से जीत हासिल करे। या पाकिस्तानी टीम दक्षिण अफ्रीका को 2-0 से हराए।

यदि मेलबर्न और सिडनी टेस्ट ड्रॉ रहते हैं तो भारतीय टीम 53.51 अंकों पर समाप्त करेगी। ऐसे में भारत तभी फाइनल में पहुंचेगा, जब दक्षिण अफ्रीका को पाकिस्तान के हाथों दोनों टेस्ट में हार मिले या श्रीलंकाई टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 1-0 से सीरीज जीते या 0-0 से बराबरी करे। श्रीलंका के खिलाफ सीरीज 0-0 से बराबर होने पर ऑस्ट्रेलिया के भारत के समान 53.51 प्रतिशत अंक होंगे लेकिन इस चक्र में अधिक सीरीज जीतने के आधार पर भारत उससे आगे रहेगा। यदि श्रीलंका 2-0 से सीरीज जीतता है, तो वो भारत से आगे हो जाएगा।

# सांता सिंह धोनी... पत्नी साक्षी और बेटी संग महान कप्तान ने मनाया क्रिसमसं

मुम्बई । भारत के पूर्व कप्तान एमएस धोनी सांता क्लॉज बने और पत्नी साक्षी और बेटी जीवा के साथ क्रिसमस मनाया। इस दौरान धोनी के करीबी साथी भी मौजूद रहे। धोनी ने फुल सांता सूट पहना था। उन्होंने लंबे बूट्स पहनने के अलावा लंबी सफेद दाढ़ी भी लगा रखी थी। दिग्गज क्रिकेटर ने आउटफिट में एक अलग टच देने के लिए पीले रंग का चश्मा भी पहना। साक्षी सिंह धोनी द्वारा शेयर की गई तस्वीरों में, पूर्व क्रिकेटर एक तस्वीर में अपनी पत्नी और बेटी के साथ पोज देते हुए दिखाई दिए, जबकि दूसरी तस्वीर में उन्होंने जीवा को गले लगाया था। क्रिसमस ट्री को बेहद खूबसूरती से सजाया गया था। इस पर गहने, सफेद फूल और ऊपर एक स्टार लगाया गया था। इसे पेड़ को खिड़की के पास रखा गया था। क्रिसमस ट्री के बेस पर रंग-बिरंगे कागज में लिपटे कई सारे उपहार रखे गए थे। धोनी ने एक तस्वीर में पेड़ के साथ पोज भी दिया। इस बीच, बॉलीवुड अभिनेत्री कृति सेनन और उनके कथित बॉयफ्रेंड कबीर बहिया को भी जश्न मनाते देखा गया। कृति ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर धोनी के साथ अपनी एक तस्वीर पोस्ट की। बहिया, जो यूके के एक व्यवसायी हैं, ने अपने इंस्टाग्राम पोस्ट पर पूरी गैंग की एक तस्वीर साझा की, जिसे कृति ने फिर से पोस्ट किया। हालांकि, यह अभी भी स्पष्ट नहीं है कि यह जश्न किसके घर पर मनाया गया। बता दें कि 2019 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद, धोनी केवल इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के लिए खेलते हैं। दरअसल, रोहित शर्मा के बाद धोनी पांच आईपीएल खिताब जीतने वाले एकमात्र कप्तान हैं। कई बार आईपीएल जीतने वाले कप्तान, जिन्होंने आईपीएल 2024 से पहले कप्तानी छोड़ दी थी, अगली बार आईपीएल 2025 में दिखाई देंगे, जो अगले साल 14 मार्च से शुरू होने वाला है। धोनी आईपीएल 2025 के लिए सीएसके द्वारा रिटायर किए जाने वाले पांच खिलाड़ियों में से एक थे।



# जुरेल ने 300 डॉलर का इनाम जीता



मेलबर्न । भारतीय टीम के युवा विकेटकीपर-बल्लेबाज ध्रुव जुरेल को अब तक इस सीरीज में खेलने का अवसर नहीं मिला है पर उन्हें अच्छी फिल्डिंग के कारण इनाम जरुर मिल गया है। जुरेल को बॉक्सिंग डे टेस्ट से पहले फील्डिंग ड्रिल में नकद पुरस्कार मिला है। जुरेल ने फील्डिंग कौशल को निखारने के लिए आयोजित एक अभ्यास सत्र के दौरान अन्य खिलाड़ियों को पीछे छोड़ दिया। इसमें टीम प्रबंधन ने बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी के लिए 300 डॉलर का नकद पुरस्कार घोषित किया था जिसे जुरेल ने अपने बेहतरीन प्रयासों से जीता। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अभ्यास ड्रिल की एक क्लिप भी साझा की है। फील्डिंग अभ्यास सत्र के दौरान खिलाड़ियों को तीन अलग-अलग समूहों में विभाजित किया गया। इसमें फील्डिंग कोच टी दिलीप ने बताया, आज के लक्ष्य में, आप तीन स्टंप देख सकते हैं। बड़े स्टंप पर एक अंक होगा, छोटे स्टंप पर दो अंक होंगे, बीच में गेंद पर चार अंक होंगे। हम आज कोण का उपयोग कर रहे हैं। आप तीन मार्कर देख सकते हैं। प्रत्येक मार्कर से, प्रत्येक छह गेंदें जाएगी। फील्डिंग कोच ने कहा कि ड्रिल आयोजित करने का उद्देश्य खिलाड़ियों को उनके निर्धारित नेट सत्र से पहले ऊर्जावान बनाना था।

# पूर्व क्रिकेटर ने ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों को बताया बुमराह का सामना करने का तरीका

मेलबर्न । ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर साइमन कैटिच ने कहा है कि भारतीय टीम के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह अब तक इस सीरीज में ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों के लिए सबसे बड़ी समस्या रहे हैं। बुमराह ने ही तीनों टेस्ट मैचों में सबसे ज्यादा विकेट लिए हैं। उनका सामना करने में ट्रेविस हेड सहित अन्य बल्लेबाज विफल रहे हैं। कैटिच ने कहा है कि वह इस मामले में अपनी टीम की सहायता कर सकते हैं। कैटिज ने कहा है कि मेजबान टीम के बल्लेबाजों को बुमराह के खिलाफ सफल होने के लिए स्ट्राइक रोटेट करने के साथ ही रक्षात्मक तकनीक को भी बेहतर बनाना होगा। कैटिच ने कहा कि बुमराह शायद ही कभी ढीली गेंद फेंकते हैं, इसलिए ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों को अपना रुख सही रखते हुए एक तय रणनीति से उतरना होगा। कैटिच ने कहा कि, सभी बातें सकारात्मक रुख को लेकर हैं और इसका ध्यान उन्हें रखना होगा। इसके अलावा बुमराह जैसे गेंदबाज के खिलाफ केवल बाउंड्री लगाने पर ही ध्यान नहीं देना चाहिये। इसका कारण है कि वह बहुत खराब गेंद नहीं फेंकता। इसलिए सबसे अधिक अहम ये है कि स्ट्राइक रोटेट कर आराम से खेला जाये।



# 'यह अंतिम सूची नहीं है', खेल रत्न पुरस्कार की अंतिम सूची में जोड़ा जाएगा मनु भाकर का नाम

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रतिष्ठित खेल रत्न पुरस्कार के लिए अनुशंसित लोगों में मनु भाकर का नाम न होने के एक दिन बाद यह विश्वसनीय रूप से पता चला है कि केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मंडाविया द्वारा कुछ दिनों में इस मामले पर निर्णय लिए जाने के बाद इसे अंतिम सूची में जोड़े जाने की संभावना है। कोई औपचारिक घोषणा नहीं की गई, लेकिन देश के शीर्ष खेल पुरस्कार के लिए प्रारंभिक सूची में केवल भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान और ड्रैग-फ्लिकर हरमनप्रीत सिंह और पेरिस पैरालिंपिक में पैरा हाई जंप स्वर्ण पदक विजेता प्रवीण कुमार का नाम शामिल था जिन्होंने तीन साल पहले टोक्यो में भी रजत पदक जीता था।


भाकर का नाम इस साल की शुरुआत में पेरिस ओलंपिक में दो पदक जीतकर इतिहास रचने के बाद औपचारिकता माना जा रहा था, पर विचार नहीं किया गया, जिसके कारण आलोचना हुई। खेल मंत्रालय और 12 सदस्यीय पुरस्कार समिति की आलोचना के बाद मंत्रालय के एक अधिकारी ने कहा, 'यह अंतिम सूची नहीं है, इसमें एक प्रक्रिया शामिल है।'

पुरस्कार चयन समिति के अध्यक्ष सुप्रीम कोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीश न्यायमूर्ति वी रामसुब्रमण्यम हैं और इसमें पूर्व महिला हॉकी कप्तान रानी रामपाल, मुक्केबाज विजेंदर सिंह और महान क्रिकेटर अनिल कुंबले जैसे अन्य लोग शामिल हैं। समिति को उन लोगों पर विचार करने का अधिकार है जो अपना आवेदन दाखिल करते हैं, लेकिन यदि आवश्यक हो, तो यह उन नामों पर चर्चा करने के लिए भी अधिकृत है जो उस सूची में शामिल नहीं हैं।

शूटिंग फेडरेशन (एनआरएआई) ने सचिव-खेल, सुजाता चतुर्वेदी को पत्र लिखकर आग्रह किया कि मंत्रालय 'असाधारण आधार' पर खेल रत्न के लिए भाकर पर विचार करे। एक रिपोर्ट में एनआरएआई के अध्यक्ष कलिकेश सिंह देव ने कहा, 'हमें यह भी नहीं पता कि उसने आवेदन किया है या नहीं, लेकिन अगर उसने किया है, तो मुझे नहीं लगता कि समिति के पास उस पर विचार न करने का कोई कारण था। अगर उसने आवेदन नहीं किया है, तो समिति कुछ नहीं कर सकती थी। हमें उम्मीद है कि मंत्रालय हमारे दृष्टिकोण को समझेगा और उसे वह पुरस्कार देगा जिसकी वह पूरी तरह से हकदार है।'

**पूरे मामले पर भाकर की प्रतिक्रिया**

मनु भाकर ने 'एक्स' पर लिखा, 'सबसे प्रतिष्ठित खेल रत्न पुरस्कार के लिए मेरे नामांकन को लेकर चल रहे मुद्दे के संबंध में मैं यह कहना चाहूंगी कि एक खिलाड़ी के रूप में मेरी भूमिका अपने देश के लिए खेलना और प्रदर्शन करना है। मुझे लगता है कि नामांकन दाखिल करते समय शायद मेरी ओर से कोई चूक हुई है जिसे ठीक किया जा रहा है। उन्होंने कहा, 'पुरस्कार और मान्यता मुझे प्रेरित करते हैं, लेकिन ये मेरा लक्ष्य नहीं हैं। पुरस्कार मिले या नहीं, मैं अपने देश के लिए और अधिक पदक जीतने के लिए प्रेरित रहूंगी। सभी से अनुरोध है कि कृपया इस पर अटकलें न लगाएं।'



समाचार गेट
TITLE CODE : HARHIN11569
स्वामी (मुद्रक, प्रकाशक) रवीना यादव द्वारा साई प्रिंटिंग प्रेस, डी-85, सेक्टर-6, नोएडा 201301, उत्तर प्रदेश से मुद्रित करवाकर कार्यालय मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) से प्रकाशित किया। संपादक: कृष्णा शर्मा। संपादकीय कार्यालय: मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) पीआरपी एक्ट के अंतर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र फरीदाबाद न्यायालय होगा। कानूनी सलाहकार: बृहमदत शर्मा, 9818180269, ईमेल : krishna24news@gmail.com



## साउथ फिल्म 'एनकेआर 21' में अहम रोल निभाने वाले हैं सोहेल खान

**कई बॉलीवुड एक्टर साउथ की फिल्मों में अब अभिनय करते हुए नजर आने लगे हैं। बॉबी देओल के बाद अब एक्टर सोहेल खान भी साउथ की फिल्म में नजर आएंगे, इस फिल्म का उनका पहला लुक हाल ही में सामने आया है। उनकी आने वाली एक दक्षिण भारतीय फिल्म 'एनकेआर 21' का पोस्टर रिलीज हुआ है, जिसमें सोहेल का पहला लुक बिल्कुल अलग नजर आ रहा है।**

### एक्शन फिल्म है 'एनकेआर 21'

नंदमुरी कल्याण राम की दक्षिण भारतीय एक्शन फिल्म 'एनकेआर 21' में सोहेल खान एक अहम रोल निभाने वाले हैं। इस फिल्म का जो पोस्टर रिलीज हुआ है, उसमें सोहेल का पहला लुक काफी अलग दिख रहा है। यह लुक फिल्ममेकर्स ने सोहेल के जन्मदिन पर खास तौर पर जारी किया है।

### मिल रहा है नेगेटिव रोल का फील

सोहेल खान का जो पहला लुक फिल्म 'एनकेआर 21' में सामने आया है, उसमें वह काफी स्टाइलिश नजर आ रहे हैं। सोहले ने चश्मा पहना हुआ है, काले रंग की ड्रेस पहनी है। वह काफी फोकस्ड नजर आ रहे हैं। सोहेल का यह लुक नेगेटिव रोल वाली फीलिंग दे रहा है। फिल्म 'एनकेआर 21' में कल्याण राम और सोहेल खान के किरदार काफी पावरफुल बताए जा रहे हैं। इन दोनों के किरदारों का आमाना-सामना दर्शक होते हुए देखेंगे। यह फिल्म सोहेल खान की साउथ में पहली फिल्म होगी। सोहेल ने बतौर एक्टर बॉलीवुड में कई फिल्मों में काम किया है, वह कॉमेडी, एक्शन, रोमांटिक सभी तरह के रोल कर चुके हैं। अब लगता है कि साउथ की फिल्म 'एनकेआर 21' में वह नेगेटिव किरदार निभाकर, दर्शकों को हैरान कर सकते हैं।इस फिल्म को लेकर सोहेल खान भी काफी एक्साइटेड हैं।

### फिल्म की टीम है खास

'एनकेआर 21' में कल्याण राम और सोहेल खान के अलावा भी सई मांजेकर, श्रीकांत, पृथ्वीराज जैसे कलाकार भी शामिल हैं। इस फिल्म का निर्देशन प्रदीप चिलुकुरी कर रहे हैं। इस फिल्म में अजनीश लोकनाथ ने म्यूजिक दिया है। सीनियर एक्ट्रेस विजयाशांति भी फिल्म में एक अहम भूमिका निभाएंगी।



## कई बार ऐसा लगा कि अब हार मान लेनी चाहिए

बॉलीवुड अभिनेत्री ऋचा चड्ढा और अली फजल ने इंडस्ट्री में अपनी मेहनत और अभिनय के दम पर एक खास पहचान बनाई है। दोनों ने शादी की। साथ ही अब उनकी एक बेटी भी है। कपल ने स्क्रीन लाइव प्रोग्राम में अपने फिल्मी सफर को लेकर बात की है। ऋचा और अली ने बताया कि वे निराशा की भावनाओं से कैसे निपटते हैं, उन्होंने बताया कि एक समय आया जब उन्हें लगा कि अब हार मान लेनी चाहिए।

ऋचा चड्ढा ने कहा कि करियर में आगे बढ़ने के लिए उन्हें हर 6 महीने में हार माननी पड़ती है। उन्होंने कहा, हर छह महीने में मुझे हार माननी पड़ती है और फिर से शुरुआत करनी पड़ती है।

### इन फिल्मों में नजर आए सितारे

अली फजल ने कहा, आमिर खान के साथ वे थ्री ईडियट्स फिल्म में पहली बार नजर आईं थीं। ऋचा चड्ढा ने कहा, दिबाकर बनर्जी की फिल्म ओए लकी, लकी ओए में उन्होंने साल 2008 में पहली बार काम किया था। इसके बाद दोनों बॉलीवुड अभिनेता फुकरे फिल्म में साथ नजर आए थे। इसके बाद अली को अनुराग कश्यप की गैंग्स ऑफ वासेपुर में नजर आए थे।

### निर्माता के तौर पर सामने आए कपल

वर्कफ्रंट की बात करें तो दोनों सितारे गर्ल्स विल बी गर्ल्स को लेकर व्यस्त हैं। इस फिल्म का निर्देशन सुची तलाती ने किया। फिल्म में सह-निर्माता ऋचा चड्ढा और कार्यकारी निर्माता अली फजल हैं। अगले साल वह एक फिल्म में एक्टिंग करती हुई भी नजर आएंगी। फिल्म 'अभी तो पार्टी शुरू हुई है' में ऋचा अलग तरह का किरदार करने वाली हैं। फिल्म में प्रीति पाणिग्रही और केसव बिनॉय किरण के साथ कनी कुसरुति मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे। यह 18 दिसंबर को प्राइम वीडियो पर रिलीज हो चुकी है।



## पुष्पा 3 का निर्माण जल्दी करना चाहते हैं अल्लू अर्जुन, आगे खिसकाई त्रिविक्रम की फिल्म!

साउथ सुपरस्टार अल्लू अर्जुन की फिल्म पुष्पा 2 द रूल भारत के साथ-साथ वैश्विक स्तर पर भी ताबड़तोड़ कमाई कर रही है। यह फिल्म 2021 में रिलीज हुई फिल्म पुष्पा- द राइज का सीक्वल है, जिसे दर्शकों का खूब प्यार मिल रहा है। इस फिल्म की ब्लॉकबस्टर सफतला के बाद अब दर्शकों को बेसब्री से इसके तीसरे भाग का इंतजार है। वहीं, अब पुष्पा 3 को लेकर दिलचस्प जानकारी सामने आई है।

### पुष्पा 3 पर तेजी से काम करना चाहते हैं अल्लू अर्जुन

पुष्पा 2 द रूल को हिंदी पट्टी में सबसे ज्यादा दर्शक मिले। ऐसे में अभिनेता अल्लू अर्जुन इस फिल्म से मिली सफलता और लोगों से उत्साह को कम नहीं करना चाहते हैं। ऐसे में जल्द से जल्द पुष्पा 3 का निर्माण करना चाहते हैं, जिसकी घोषणा पहले ही की जा चुकी है। वहीं, अब निर्माताओं के साथ मिलकर अल्लू अर्जुन इस परियोजना को तेजी से आगे बढ़ाना चाहते हैं।

### राम चरण के साथ सुकुमार की फिल्म

हालांकि, अल्लू अर्जुन को पुष्पा 3 से पहले निर्देशक त्रिविक्रम के साथ एक फिल्म पर काम करना था। अब पुष्पा 3 के लिए निर्देशक सुकुमार के साथ मिलकर काम करने से पहले निर्देशक त्रिविक्रम के साथ एक फिल्म पूरी करने की उनकी मूल योजना खतरे में पड़ सकती है। इस बीच सुकुमार भी राम चरण के साथ एक फिल्म निर्देशित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।



## आयुष्मान और रश्मिका की 'थामा' का इंट्रोडक्टरी शूट हुआ पूरा, फिल्म से जुड़ी अपडेट आई सामने

आयुष्मान खुराना और रश्मिका मंदाना ने हाल ही में अपनी आगामी फिल्म 'थामा' की आधिकारिक घोषणा की। अब इस फिल्म से जुड़ी एक और अपडेट सामने आई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक परेश रावल के साथ आयुष्मान और रश्मिका ने फिल्म के इंट्रोडक्ट्री सीन शूट किए हैं। कथित तौर पर फिल्म से नवाजुद्दीन सिद्दिकी के किरदार से जुड़ी जानकारी भी सामने आई है। आइए जानते हैं फिल्म की अगला शूट कहां होगा।

### इस दिन शूट किया गया सीन

रिपोर्ट्स के मुताबिक आयुष्मान खुराना, रश्मिका मंदाना और परेश रावल ने 12 दिसंबर, 2024 को रात के शेड्यूल के साथ शूटिंग शुरू की। आयुष्मान खुराना और रश्मिका मंदाना की 'थामा', निर्माता दिनेश विजान की हॉरर-कॉमेडी दुनिया की अगली किस्त होगी। फिल्म को अक्तूबर 2024 में ही शुरू किया जाना था, लेकिन इसमें देरी हुई।

### दिल्ली में हो सकता है अगला शूट

कहा जा रहा है कि फिल्म की टीम जनवरी 2025 में लगातार शूटिंग शेड्यूल के लिए दिल्ली में फिर से इकट्ठा हो सकती है। राजधानी में एक महीने की फिल्मांकन के बाद, वह फरवरी 2025 में ऊटी जाएंगे, जहां नवाजुद्दीन सिद्दीकी कलाकारों में शामिल होंगे।

### ऊटी के जंगलों में चलेगी लंबी शूटिंग

रिपोर्ट्स की माने तो ऊटी के जंगलों में लंबी शूटिंग की योजना बनाई गई है, क्योंकि नवाजुद्दीन के किरदार को जंगल में रहते हुए दिखाया गया है। खलनायक की भूमिका निभाने वाले अभिनेता कॉस्ट्यूम डिजाइनर शीतल शर्मा द्वारा डिजाइन किए गए एक अनोखे लुक में नजर आएंगे। आदित्य सतपोदार के निर्देशन में बनी फिल्म 'थामा' दिवाली 2025 पर रिलीज होने वाली है। इस फिल्म में रश्मिका मंदाना और आयुष्मान खुराना पहली बार एक साथ नजर आएंगे।



## मानसिक अवरोधों को तोड़ने में मदद करती है अलग-अलग तरह की भूमिका

टीवी अभिनेत्री भूमिका गुरुंग ने अलग-अलग तरह की भूमिका को निभाने को लेकर अपने विचार साझा किए। उन्होंने बताया कि अलग-अलग तरह की भूमिका मानसिक अवरोधों को तोड़ने और एक कलाकार के रूप में अपनी सीमाओं को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। वर्तमान में 'बस इतना सा ख्वाब' में शगुन की भूमिका निभा रही अभिनेत्री ने बताया कि शगुन की भूमिका उनके व्यक्तिगत विकास को भी दिखाती है। इस बारे में बात करते हुए अभिनेत्री ने साझा किया, मुझे एहसास हुआ कि मैं सिर्फ मुख्य भूमिकाओं तक सीमित नहीं रहना चाहती। अगर सही तरह से निभाया जाए तो एक किरदार कम से कम स्क्रीन टाइम में भी अलग दिख सकता है। यह मानसिक अवरोधों को तोड़ने और भूमिकाओं में विविधता को अपनाने के बारे में है।

गुरुंग ने यह भी खुलासा किया कि शगुन का उनका किरदार पारंपरिक ढांचे से अलग है। शो में उनका किरदार आधुनिक, व्यावहारिक और अपनी पसंद को लेकर पूरी तरह आश्वस्त है और भारतीय टेलीविजन पर अक्सर दिखाए जाने वाले त्याग करने वाली बहू से के किरदार बिल्कुल अलग है। भूमिका ने बताया, शगुन कोई कोमोलिका या खलनायिका नहीं है। उसकी अपनी भावनाएं हैं, वह गलतियां करती है और अपने फैसलों की जिम्मेदारी खुद लेती है। यही बात उसे दूसरों से अलग बनाती है। शो के बारे में बात करते हुए भूमिका ने कहा, हम सभी ने कभी न कभी किसी न किसी चीज का सपना देखा है। सपने हमें परिभाषित करते हैं। यही बात शो के टाइटल को प्रासंगिक बनाता है। यह छोटी-छोटी इच्छाओं और आकांक्षाओं के बारे में है, जो हर किसी के साथ जुड़ती है। भूमिका गुरुंग ने कहा, पिछले कुछ सालों में इंडस्ट्री काफी विकसित हुई है। नए ट्रेंड, कार्य संस्कृति और कहानी कहने की तकनीकों को अपनाना बहुत जरूरी है।



## टीवी सेलिब्रिटी दिखाएंगे मास्टर शेफ में कुकिंग का हुनर, फराह खान-रणवीर बरार होंगे जज

मास्टर शेफ को पसंद करने वालों की संख्या काफी है। इस शो के जरिए आम लोगों को भी अपने खाना बनाने के हुनर के कारण सेलिब्रिटी शेफ बनने का मौका मिला है। देश में आज कई ऐसे बड़े शेफ हैं, जो 'मास्टर शेफ' में बतौर प्रतियोगी आए और बाद में सेलिब्रिटी शेफ बन गए। अब इस शो में टीवी के नामी सेलिब्रिटीज नजर आएंगे और अपनी कुकिंग का हुनर दर्शकों को दिखाएंगे। 'सेलिब्रिटी मास्टर शेफ' जल्द ही शुरू होने वाला है।

### मिलेंगे मुश्किल कुकिंग टास्क

सोनीटीवी ऑफिशियल के इंस्टाग्राम पेज पर एक वीडियो शेयर किया गया है। यह वीडियो 'सेलिब्रिटी मास्टर शेफ' का नया प्रोमो है। इसमें शेफ रणवीर बरार, एक मुश्किल कुकिंग टास्क प्रतियोगियों को देते हुए नजर आ रहे हैं। साथ ही निर्देशक, कोरियोग्राफर फराह खान भी नजर आती हैं। इस वीडियो के साथ एक कैप्शन भी लिखा है- 'जिन्हें देखकर पूरा इंडिया सीटी बजाता था, अब उन सबकी सीटी बजेगी।'

### दीपिका कक्कड़ की टीवी पर वापसी




इस शो में जो टीवी सेलिब्रिटी नजर आएंगे, उनमें से एक दीपिका कक्कड़ भी है। हाल ही में अपने व्लॉगिंग चैनल पर ही दीपिका कक्कड़ ने बताया कि वह जल्द ही एक दर्शकों को एक खास प्रोजेक्ट में नजर आएंगी। इसी व्लॉग में वह शूटिंग वाली जगह पर भी नजर आईं। शूटिंग पर उनका बेटा भी साथ में मौजूद था। दीपिका ने कहा कि वह जल्द ही बताएंगी कि किस प्रोजेक्ट का हिस्सा बन रही हैं। अब साफ हो गया है कि 'मास्टर शेफ' के जरिए दीपिका एक बार फिर से टीवी पर नजर आएंगी।

### गौरव खन्ना भी होंगे शामिल

टीवी सीरियल 'अनुपमा' छोड़ने के बाद गौरव खन्ना भी अब 'सेलिब्रिटी मास्टर शेफ' में नजर आएंगे। वह दिखाएंगे कि एक्टिंग करने के अलावा उन्हें अच्छी कुकिंग करनी भी आती है।

### तेजस्वी प्रकाश भी आएंगी नजर



तेजस्वी प्रकाश कई टीवी रियालिटी शो का हिस्सा बन चुकी हैं। वह 'बिग बॉस 15' जीत भी चुकी हैं। अब तेजस्वी प्रकाश भी 'सेलिब्रिटी मास्टर शेफ' में नजर आएंगी।

## महेश बाबू की SSMB29 से जुड़ सकती हैं प्रियंका

पिछले लंबे समय से महेश बाबू अपनी आने वाली फिल्म SSMB29 को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। इसका निर्देशन एसएस राजामौली कर रहे हैं। यह राजामौली और महेश के बीच पहला कोलैबोरेशन है, जिसे लेकर दर्शक काफी उत्साहित हैं। अब खबर आ रही है कि फिल्म में लीड एक्ट्रेस के लिए मेकर्स ने प्रियंका चोपड़ा से संपर्क किया है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, बॉलीवुड से हॉलीवुड तक अपने अभिनय का परचम लहराने वाली प्रियंका जल्द ही फिर से इंडियन सिनेमा में वापसी कर सकती हैं। वह राजामौली और महेश की फिल्म SSMB29 में नजर आएंगी। निर्माताओं और प्रियंका के बीच बातचीत जारी है और कहा जा रहा है कि प्रियंका जल्द ही फिल्म साइन कर सकती हैं।

